बुधवार, 11 मार्च 2026

कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष
अष्टमी, वि.स. 2082,
पृष्ठ 12, मूल्य 3.00 रुपये

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा


सुविचार : इंसान रोटी पाने के लिए दौड़ता है और पचाने के लिए भी दौड़ता है।

स्थानीय खबरें
पृष्ठ दो, चार, और पांच पर

सत्यमेव जयते
भारत सरकार



## पश्चिम बंगाल में गरीबों का सशक्तिकरण

- पीएम आवास योजना के तहत 52 लाख परिवारों को पक्के घर, अपने घर का सपना हो रहा पूरा
- सौभाग्य योजना के तहत 100% घरों में बिजली कनेक्शन, अब हर घर रोशन
- लगभग 1 करोड़ घरों तक नल से स्वच्छ जल और 1.2+ करोड़ उज्ज्वला गैस कनेक्शन से धुआँ-मुक्त रसोई, उत्तम स्वास्थ्य और गरिमापर्णू जीवन सुनिश्चित
- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत 6+ करोड़ लाभार्थियों को हर माह मुफ्त अनाज, खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित
- 5.5+ करोड़ जन धन खाते खुले, वित्तीय समावेशन और पारदर्शिता को मजबूती
- 1.5+ करोड़ लोग प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत कवर, जीवन बीमा कवरेज का विस्तार
- 3.4+ करोड़ लोग प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और लगभग 65 लाख लोग अटल पेंशन योजना के तहत कवर, दुर्घटना बीमा और आर्थिक सुरक्षा मजबूत
- प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत 2.5 लाख रेहड़ी-पटरी वालों को ऋण सहायता, आत्मनिर्भरता और आजीविका को बढ़ावा

CBC 01101/13/0031/2526



विकसित बंगाल
विकसित भारत
पीएम मोदी का संकल्प

" भारत सरकार के प्रयास पश्चिम बंगाल के विकास और बेहतर भविष्य की नींव को मजबूत कर रहे हैं। "

-प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

# सफेद गेंद के क्रिकेट में भारत का दबदबा

एक बार फिर भारत ने क्रिकेट के सबसे छोटे स्वरूप टी-20 में अपनी सर्वोच्चता साबित की है। हालांकि, भारत के हर क्षेत्र में शानदार खेल ने दर्शकों को फाइनल मुकाबले के रोमांच से वंचित किया, लेकिन भारतीय टीम ने हर क्षेत्र में बेजोड़ श्रेष्ठता प्रदर्शित की। भारतीय टीम निर्भीकता से खेली। मुख्य कोच गौतम गंभीर का अभिषेक शर्मा और वरुण चक्रवर्ती को अनियमित फॉर्म के बावजूद महत्वपूर्ण फाइनल के लिये टीम में बरकरार रखना सही साबित हुआ। संजू सैमसन ने तीन सबसे महत्वपूर्ण मैचों में निर्णायक पारी खेली। वहीं चतुर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपनी गेंदबाजी का जादू बिखेरा। हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, ईशान किशन, शिवम दुबे ने महत्वपूर्ण अवसरों पर योगदान दिया। यह अच्छी बात है कि सुपर आठ के एक मैच में दक्षिण अफ्रीका से मिली करारी हार को भारतीय टीम ने एक सबक के तौर पर लिया। जिससे टीम को जीत की लय में वापस आने में सहायता मिली। यह सुखद ही है कि दो साल से भी कम समय में भारतीय टीम ने टी-20 विश्व कप के दो खिताब हासिल किए। निस्संदेह, इस उल्लेखनीय उपलब्धि में इंडियन प्रीमियर लीग में टी-20 मैचों का लगातार अभ्यास जीत की लय बनाये रखने में मददगार साबित हुआ। क्रिकेट के दीवाने इस देश में प्रीमियर लीग ने क्रिकेट प्रतिभाओं को अपने खेल में निखार लाने का एक बेहतर अवसर उपलब्ध कराया। यह शानदार जीत, भारत द्वारा वनडे चैंपियंस ट्रॉफी जीतने के ठीक एक साल बाद मिली है। लेकिन एक अंतर्विरोध यह भी है कि सफेद गेंद के क्रिकेट और व्यावसायिक खेल के इस मिश्रण ने टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम की कमजोरी को उजागर किया है। जिसका उदाहरण घरेलू सीरीज में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका से मिली करारी हार है, जो हमारी चिंता का विषय होना चाहिए। यह एक हकीकत है कि जब तक भारत टैस्ट मैचों में अपनी स्थिति मजबूत नहीं करता, तब तक भारत का वैश्विक क्रिकेट में पूरी तरह वर्चस्व हासिल करना संभव न होगा।

कमोबेश, महिला टीम के मामले में भी यही बात लागू होती है, जिसने पिछले साल नवंबर में वनडे विश्व कप जीता। लेकिन टेस्ट क्रिकेट में इस टीम की पकड़ भी ढीली हुई है। वास्तव में दोनों टीमों को क्रिकेट के तीनों प्रारूपों में संतुलित कामयाबी के साथ ही आगे बढ़ना होगा। इस हकीकत को जानते हुए कि खेल जगत के परिप्रेक्ष्य में क्रिकेट का दबदबा हमेशा बना रहना है, अब चाहे टीमें अच्छा खेलें या कमजोर। भारत में उपलब्ध क्रिकेट के समृद्ध संसाधनों और लगातार सामने आती नई प्रतिभाओं के चलते आईसीसी की तमाम प्रतियोगिताओं में भारतीय दबदबा आने वाले वर्षों में भी बना रह सकता है। इस टी-20 विश्वकप में भारतीय जीत को इसी नजरिये से देखने की जरूरत है। लेकिन जरूरत इस बात की होगी कि व्हाइट बॉल के साथ भारतीय टीम रेड बॉल क्रिकेट में अपना वर्चस्व बनाये रखे। टीम वनडे और टी-20 के साथ टेस्ट क्रिकेट में भी तमाम परिस्थितियों के बावजूद जीत का जज्बा बनाये रखे। इस टूर्नामेंट में संजू सैमसन द्वारा दिखाया गया खेल भारतीय टीम के लिये निर्णायक साबित हो सकता है। जिन्होंने तीन महत्वपूर्ण मैचों में अस्सी से अधिक रन बनाकर जीत में अहम भूमिका निभायी है। लंबे समय तक उपेक्षित रहने के बावजूद जब उन्हें परिस्थितिवश खेलने का मौका मिला तो उन्होंने अवसर का भरपूर लाभ उठाकर खुद को साबित किया। वे सिर्फ पांच मैच खेलने के बावजूद टूर्नामेंट के सबसे शानदार खिलाड़ी का खिताब हासिल करने में कामयाब हुए। इसी तरह टूर्नामेंट में किफायती रन रेट के साथ निर्णायक विकेट लेने वाले जसप्रीत बुमराह की उपलब्धियां भी कम नहीं रहीं। विपक्षी टीम के खिलाड़ियों पर वे मनौवैज्ञानिक दबाव बनाने में भी कामयाब रहे। वे मैच की दिशा बदलने वाले गेंदबाज भी साबित हुए। निर्णायक फाइनल मैच में तीन विकेट लेने वाले अक्षर पटेल के योगदान को भी नहीं भुलाया जा सकता। लेकिन अभी भी टीम को अपनी फील्डिंग में चुस्ती लाने की जरूरत है ताकि फिर किसी टूर्नामेंट में एक दर्जन से अधिक कैच छोड़ने की तोहमत न लगे। बहरहाल, नए क्रिकेटरों की ऊर्जा इस टूर्नामेंट में भारत का पलड़ा भारी करने में खासी मददगार साबित हुई।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 11 मार्च, बुधवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, चैत्र कृष्णपक्ष अष्टमी, 28:20 तक, नक्षत्र : ज्येष्ठा, 21:52 तक, योग : वज्र, 09:06 तक, सूर्योदय: 05:51, सूर्यास्त: 17:44, चन्द्रोदय : 24:51, चन्द्रास्त: 10:37, शक सम्वतः 1943 विश्वावसु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 11:46 से 13:15

## राशिफल

**मेष :** प्रगति प्रभावशाली रहेगी। गुरु के मार्गी होने से भाई-बहनों या साथियों के साथ चल रहे मतभेद दूर होंगे। रात में चंद्रमा का धनु में प्रवेश करियर में नए अवसर और भाग्य का साथ दिलाएगा।

**वृष :** करियर में स्थिरता बनी रहेगी। दशम भाव (कुंभ) की ऊर्जा आपके प्रोफेशनल सर्कल को बढ़ाएगी। गुरु के मार्गी होने से आपकी कम्युनिकेशन स्किल्स और प्रेजेंटेशन की साख बढ़ेगी।

**मिथुन :** आपकी अपनी राशि में गुरु का मार्गी होना करियर के लिए एक संजीवनी जैसा है। रिसर्च और प्लानिंग में आ रही बाधाएं दूर होंगी। रात के समय किसी बड़ी जिम्मेदारी का संकेत मिल सकता है।

**कर्क :** आपकी तरक्की पर्दे के पीछे रहकर की गई मेहनत और गहन शोध पर टिकी है। रात में चंद्रमा का छठे भाव में जाना दुश्मनों पर विजय और अटके हुए कार्यों को गति दिलाएगा।

**सिंह :** पार्टनरशिप और टीमवर्क आज आपकी सफलता की कुंजी है। गुरु के मार्गी होने से आपके द्वारा दी गई सलाह की प्रोफेशनल वर्ल्ड में कीमत बढ़ेगी। सीनियर्स का पूरा सहयोग मिलेगा।

**कन्या :** दशम भाव में गुरु की सीधी चाल आपके करियर को एक नई दिशा देगी। व्यवसायों पर आपकी कार्यकुशलता और बारीकियों को पकड़ने की आदत आपको दूसरों से आगे रखेगी।

**तुला :** नौवें भाव के गुरु आपको मानसिक उन्नति और निर्णय लेने की शक्ति देंगे। अंतरराष्ट्रीय संबंधों या उच्च शिक्षा से जुड़े जातकों को बड़ी कामयाबी मिलने के प्रबल योग हैं।

**वृश्चिक :** आपकी गुप्त रणनीतियां और डेटा एनालिसिस करियर में बड़ी तरक्की दिलाएंगे। आठवें भाव के गुरु का मार्गी होना रिसर्च और तकनीकी कार्यों से जुड़े जातकों के लिए सफलता के नए द्वार खोलेगा।

**धनु :** साहस और विजन से करियर को नई दिशा मिलेगी। सातवें भाव के गुरु का मार्गी होना व्यापारिक साझेदारियों को नई मजबूती देगा। सहकर्मियों का व्यवहार आपके प्रति कोओपरेटिव रहेगा।

**मकर :** आपकी कार्यक्षमता और अनुशासन करियर को मजबूती देगा। छठे भाव के गुरु का मार्गी होना नौकरीपेशा जातकों के लिए प्रमोशन या नई जिम्मेदारी के रास्ते खोलेगा।

**कुम्भ :** तरक्की के लिए यह एक क्रांतिकारी समय है। आपकी अपनी राशि में ग्रहों का जमावड़ा आपको लाइमलाइट में लाएगा। क्रिएटिव क्षेत्रों और तकनीक से जुड़े लोगों को बड़ी सफलता मिलेगी।

**मीन :** करियर में तरक्की गहन रिसर्च और दूरगामी प्लानिंग से हो रही है। चौथे भाव के गुरु का मार्गी होना घर से जुड़े व्यापार या प्रॉपर्टी के काम में बड़ी कामयाबी दिलाएगा।

# मुख्यमंत्री ममता ने पूर्व राज्यपाल आनंद बोस से की मुलाकात

## मुख्यमंत्री ने केंद्र पर राजनीतिक दबाव डालकर हटाने का लगाया आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को एक राजकीय अतिथि गृह में पूर्व राज्यपाल सीवी आनंद बोस से मुलाकात की और कहा कि अपना कार्यकाल पूरा करने से पहले उन्हें लोक भवन से हटाना 'अन्याय' एवं 'राजनीतिक रूप से प्रेरित' है। ममता ने पूर्व राज्यपाल से मुलाकात के बाद, पत्रकारों से कहा कि चूंकि, वह आज जा रहे हैं और मैंने उनके साथ काफी समय तक काम किया है, इसलिए हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध रहे हैं। मैं उनसे मिलने आई हूं। मैं उनके परिवार को जानती हूं। मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करती हूं।



बता दें कि मुख्यमंत्री एसआईआर के खिलाफ अपना पांच दिवसीय धरना समाप्त करने के तुरंत बाद अलीपुर क्षेत्र के दक्षिणी भाग में स्थित राजकीय अतिथि गृह पहुंचीं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि राज्यपाल के रूप में उनका (बोस) पांच वर्षीय कार्यकाल पूरा होने से पहले ही उन्हें पद से हटाना उनके साथ अन्याय है और यह राजनीतिक रूप से प्रेरित है। उन्हें चुनाव से ठीक पहले हटाया गया, जबकि उनके कार्यकाल में अभी भी 1.5 वर्ष शेष था। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने बोस से भविष्य में राज्य में लौटने का अनुरोध किया। ममता ने कहा कि मैंने उनसे बंगाल वापस आने का अनुरोध किया है, क्योंकि वे राज्य को बेहतर ढंग से समझते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति के दौरे के दौरान उन्हें (बोस) दार्जिलिंग जाना था। हमने उनके लिए उड़ान की व्यवस्था की थी। राज्यपाल पद से हटाए जाने के कारण वह नहीं जा सके। उन्होंने दावा किया कि बोस को दार्जिलिंग न जाने और इसके बजाय नयी दिल्ली पहुंचने का संदेश भेजा गया था।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उन्होंने बोस से होटल के बजाय राज्य अतिथि गृह में रहने के लिए कहा था। उन्होंने कहा कि वह होटल में रुकना चाहते थे, और मैंने उनसे अतिथि गृह आने को कहा। यह वह जगह है, जहाँ राजनयिक और अन्य महत्वपूर्ण लोग ठहरते हैं। मैंने उनसे राजकीय अतिथि के रूप में यहां आने और ठहरने का अनुरोध किया।

# किसान मित्रों के हित में बंगाल सरकार की पहल, हुगली में आलू खरीद शुरू

**हुगली, समाज्ञा :** आगामी चुनावों से पहले किसानों को आलू की अभावग्रस्त बिक्री से बचाने और उनके हितों की रक्षा करने के उद्देश्य से पश्चिम बंगाल सरकार के कृषि विपणन विभाग ने महत्वपूर्ण पहल की है। सरकार द्वारा निर्धारित 950 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर पीप-ीएस-2026 (पीपीएस- 2026) परियोजना के तहत 10 मार्च से हुगली जिले में किसानों से आलू की खरीद शुरू कर दी गई है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, फिलहाल जिले के पांच सहकारी कोल्ड स्टोरेज के माध्यम से खरीद प्रक्रिया शुरू की गई है। इनमें बैची सीएडीपी बेरेला सहकारी शीतगृह लिमिटेड - पांडुआ ब्लॉक बैची सीएडीपी एफएसएस-सीएस लिमिटेड - पांडुआ ब्लॉक, कोचमाली-बोरागोड़ी एसक्यूएस लिमिटेड - पांडुआ ब्लॉक, धनियाखाली थाना सहकारी शीतगृह समिति लिमिटेड - धनियाखाली ब्लॉक, तारकेश्वर-पुरसुड़ा सहकारी शीतगृह समिति लिमिटेड - तारकेश्वर ब्लॉक शामिल हैं। प्रशासन ने यह भी जानकारी दी है कि कल से चार और निजी शीतगृहों के माध्यम से भी किसानों से आलू की खरीद शुरू की जाएगी, जिससे अधिक से अधिक किसानों को इस योजना का लाभ मिल सके। सरकार की इस पहल से उम्मीद जताई जा रही है कि जिले के बड़ी संख्या में किसान लाभान्वित होंगे और उन्हें अपने उत्पाद का उचित मूल्य मिल सकेगा। बड़ी संख्या में किसान लाभान्वित होंगे।

# चैत्र नवरात्र में निहित भारतीय संस्कृति और सामाजिक चेतना

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय संस्कृति को विश्व की प्राचीनतम और समृद्ध परंपराओं में गिना जाता है, जहां धर्म, प्रकृति, समाज और जीवन मूल्यों का गहरा समन्वय दिखाई देता है। भारतीय जीवन में पर्व-त्योहार केवल उत्सव नहीं बल्कि सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक मूल्यों के वाहक माने जाते हैं। इन्हीं में चैत्र नवरात्र का विशेष महत्व है, जो शक्ति उपासना के साथ-साथ ऋतु परिवर्तन, नारी सम्मान और आध्यात्मिक साधना का प्रतीक माना जाता है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाने वाला यह पर्व वासंतिक नवरात्र कहलाता है। भारतीय पंचांग के अनुसार यही समय नववर्ष का आरंभ भी माना जाता है। इस दौरान प्रकृति में नवजीवन का संचार होता है, पेड़ों में नए पत्ते आते हैं और वातावरण में नई ऊर्जा दिखाई देती है। इसी कारण भारतीय परंपरा में इस काल को देवी उपासना, आत्मशुद्धि और सांस्कृतिक पुनर्जागरण से जोड़ा गया है।

नवरात्र के नौ दिनों में देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। भारतीय दर्शन के अनुसार शक्ति को सृजनात्मक ऊर्जा माना गया है, जो जीवन में समृद्धि, ज्ञान और संतुलन का आधार है। देवी दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती के रूप में शक्ति की आराधना भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति के महत्व को भी रेखांकित करती है। कन्या पूजन की परंपरा के माध्यम से समाज में नारी सम्मान और मातृशक्ति के आदर्श को स्थापित किया जाता है।

चैत्र नवरात्र का संबंध प्रकृति और ऋतु चक्र से भी जुड़ा है। इस समय व्रत-उपवास और सात्त्विक आहार के माध्यम से शरीर और मन को संतुलित रखने की परंपरा है, जिसे स्वास्थ्य और अनुशासन से भी जोड़ा जाता है। देश के विभिन्न क्षेत्रों में इस पर्व से जुड़े अनेक लोकगीत, जागरण और सांस्कृतिक आयोजन भी होते हैं, जो समाज को एकता और सामूहिकता के सूत्र में बांधते हैं। नवरात्र के अंतिम दिन रामनवमी का पर्व मनाया जाता है, जो मर्यादा, कर्तव्य और आदर्श जीवन का प्रतीक माना जाता है। इस प्रकार चैत्र नवरात्र भारतीय संस्कृति में शक्ति, मर्यादा और नैतिक मूल्यों के समन्वय का संदेश देता है।

# 2000 से ज्यादा रेस्तरां प्रभावित, छोटे भोजनालयों की आजीविका पर संकट

❑ **पश्चिम एशिया संकट से कोलकाता में एलपीजी की कमी!**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम एशिया संकट के बीच, कोलकाता के रेस्तरां व्यावसायिक एलपीजी की कमी का सामना करने लगे हैं और उद्योग संघों ने चेतावनी दी है कि यदि ईंधन की आपूर्ति जल्द ही सामान्य नहीं हुई तो संचालन बाधित हो सकता है। नेशनल रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) की कोलकाता शाखा के प्रमुख पीयूष कंकारिया ने बताया कि शहर में लगभग 5,000 रेस्तरां हैं। इनमें लगभग 40 प्रतिशत यानी लगभग 2000 रेस्तरांओं ने संकेत दिया है कि तत्काल व्यवधान होगा, जबकि अन्य 30-40 प्रतिशत ने कहा कि वे सीमित स्टॉक होने के कारण केवल कुछ और दिनों तक ही परिचालन जारी रख सकते हैं। पूर्वी भारत के होटल और रेस्टोरेंट एसोसिएशन के सचिव सुदेश पोद्दार ने बताया कि आतिथ्य क्षेत्र के लिए तात्कालिक चिंता कीमत की बजाय उपलब्धता है। रेस्तरां अपने दैनिक संचालन के लिए निर्बाध एलपीजी आपूर्ति पर निर्भर करते हैं। उद्योग जगत के सूत्रों ने कहा कि लंबे समय तक व्यवधान रहने से कोलकाता के आतिथ्य क्षेत्र में हजारों भोजनालयों और उनके कर्मचारियों पर असर पड़ सकता है। इसके अलावा, हजारों छोटे और सड़क किनारे स्थित भोजनालय भी हैं जो कार्यालय जाने वालों और दिहाड़ी मजदूरों को मामूली मुनाफे पर भोजन बेचते हैं, जिनकी आजीविका खतरे में पड़ सकती है यदि कमी बनी रहती है।

## वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की सप्लाई बंद, हुगली में पुरानी यादें हुई फिर से ताजा



**हुगली, समाज्ञा :** मध्य-पूर्व में चल रहे युद्ध के असर अब भारत में भी दिखाई देने लगे हैं। रसोई गैस को लेकर संकट गहराता जा रहा है। घरेलू गैस की कीमतों में बढ़ोतरी के साथ-साथ गैस बुकिंग की अवधि भी बढ़ाकर 25 दिन कर दी गई है। इसके अलावा, स्कूल और अस्पताल जैसे जरूरी संस्थानों को छोड़कर अन्य जगहों पर वाणिज्यिक गैस के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसके कारण होटल और रेस्तरां में वाणिज्यिक गैस सिलेंडर की आपूर्ति लगभग बंद हो गई है। हुगली के चुचुड़ा स्थित एक होटल, जहां से रोज करीब 200 से 250 घरों में खाना सप्लाई किया जाता है, वहां गैस नहीं मिलने के कारण अब कोयले के चूल्हे पर खाना बनाना पड़ रहा है। इससे होटल प्रबंधन को मेन्यू में कटौती करनी पड़ रही है और समय पर भोजन पहुंचाने में भी दिक्कत हो रही है। वहीं, खाना खरीदने आने वाले लोगों का कहना है कि इस स्थिति का सीधा असर खाने की कीमतों पर पड़ेगा और दाम बढ़ सकते हैं। जिन घरों में बुजुर्ग लोग रहते हैं और खाना बनाने वाला कोई नहीं है, उनके लिए यह बड़ी समस्या बन सकती है। लोगों का कहना है कि इस मुद्दे पर सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए।

# पश्चिम बंगाल में रेल विकास को नई रफ्तार, आधुनिक सुविधाओं से सशक्त हो रही रेल यात्रा

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेलवे में व्यापक बदलाव देखने को मिल रहा है और पश्चिम बंगाल इस परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभरा है। केंद्र सरकार के रेल विजन के तहत राज्य में कनेक्टिविटी, सुरक्षा और यात्री सुविधाओं को मजबूत करने के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किए जा रहे हैं। पिछले वर्षों में जहां पश्चिम बंगाल में रेलवे विकास की गति अपेक्षाकृत धीमी रही और कई परियोजनाएं लंबे समय तक अधूरी पड़ी रहीं, वहीं अब स्थिति तेजी से बदल रही है। बढ़े हुए बजट और नई परियोजनाओं के कारण राज्य में रेलवे अवसंरचना के आधुनिकीकरण का कार्य तेज गति से चल रहा है। वर्ष 2009-14 के दौरान पश्चिम बंगाल के लिए रेलवे बजट आवंटन लगभग 4,380 करोड़ रुपये था, जो वर्ष 2026-27 में बढ़कर 14,205 करोड़ रुपये हो गया है। वर्तमान में राज्य में करीब 93 हजार करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाओं पर काम चल रहा है। इनमें नए ट्रैक का निर्माण, स्टेशन पुनर्विकास, सुरक्षा उन्नयन और रेलवे क्षमता बढ़ाने से जुड़े कार्य शामिल हैं।

❑ **स्टेशन पुनर्विकास और आधुनिक रेल सेवाओं का विस्तार**

अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत यात्रियों को बेहतर और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पश्चिम बंगाल में रेलवे स्टेशनों का बड़े पैमाने पर पुनर्विकास किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत राज्य के 101 स्टेशनों को लगभग 3,600 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया जा रहा है। अब तक अनारा, बाराभूम, हल्दिया, जॉयचंदी पहाड़ जंक्शन, कल्याणी घोष पाड़ा, कामाख्यागुड़ी, पानागढ़, सिउरी और तमलुक सहित नौ स्टेशनों का पुनर्विकास पूरा हो चुका है। इनमें बेहतर प्रतीक्षालय, डिजिटल सूचना प्रणाली, फूड कोर्ट, पार्किंग, लिफ्ट और एस्केलेटर जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं।

राज्य में आधुनिक ट्रेन सेवाओं का भी तेजी से विस्तार हुआ है। पश्चिम बंगाल से एक जोड़ी वंदे भारत स्लीपर एक्सप्रेस सेवाएं संचालित हो रही हैं। इसके अलावा, 18 वंदे भारत एक्सप्रेस और 22 अमृत भारत एक्सप्रेस सेवाएं राज्य के प्रमुख शहरों और आर्थिक केंद्रों को जोड़ रही हैं। वर्ष 2014 के बाद राज्य में लगभग 1,400 किमी नए रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं, जबकि करीब 1,712 किमी रेल मार्ग का विद्युतीकरण किया गया है और अब पश्चिम बंगाल का रेलवे नेटवर्क पूरी तरह से विद्युतीकृत हो चुका है। सुरक्षा को मजबूत करने के लिए 500 से अधिक रेल फ्लाईओवर और अंडरपास बनाए गए हैं तथा स्वदेशी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली कवच ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम का विस्तार भी तेजी से किया जा रहा है। इन पहलों के माध्यम से पश्चिम बंगाल में रेलवे का स्वरूप तेजी से बदल रहा है और यात्रियों को सुरक्षित, तेज तथा आधुनिक रेल यात्रा का अनुभव मिल रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### कोलाघाट में सड़क हादसे में पांच घायल

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के कोलाघाट थाना अंतर्गत हल्दिया-मेचेदा राज्य सड़क पर एक सड़क दुर्घटना मे पांच यात्री घायल हो गए। इस दिन, सुबह में मेचेदा के शांतिपुर गांव के पास हल्दियागामी एक यात्री बस और मेचेदा की ओर आ रहे दवाइयों से लदे एक ट्रक के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, सुबह के समय बस यात्रियों को लेकर हल्दिया की ओर जा रही थी। उसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहा दवाइयों से लदा एक ट्रक अचानक नियंत्रण खो बैठा और बस से आमने-सामने टकरा गया। टक्कर के प्रभाव से बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और बस में सवार कई यात्री घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को निकालकर मेचेदा के एक निजी चिकित्सा केंद्र पॉपुलर नर्सिंग होम में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज चल रहा है। सूचना मिलने पर कोलाघाट थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और बस तथा ट्रक को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए राज्य सड़क पर यातायात भी प्रभावित रहा।

### कल्याणी एक्सप्रेसवे पर ट्रक से टकराई बस, 10 लोग घायल

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले में मंगलवार की सुबह कल्याणी एक्सप्रेसवे पर कांचरापाड़ा की ओर जाने वाली लेन में रेत से भरे एक डंपर और फलों से लदे एक ट्रक के बीच टक्कर हो गई। इस दुर्घटना के कारण कुछ समय के लिए सड़क पर यातायात बाधित रहा। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, बासुदेबपुर थाना अंतर्गत कालीतला मोड़ के पास तेज रफ्तार से आ रहे फलों से लदे ट्रक ने सामने चल रहे डंपर को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के प्रभाव से डंपर रेलिंग तोड़कर सर्विस रोड पर जा गिरा, जबकि ट्रक का डाला टूट गया और उसमें लदे फल सड़क पर बिखर गए। दुर्घटना में ट्रक का चालक और खलासी घायल हो गए हैं। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर घटनाओं की जांच शुरू कर दी है। घायल यात्रियों को इलाज के लिए पास के कमरहट्टी स्थित सरकारी सागर दत्ता मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाया गया।

# सीआईएसएफ जवान को झूठे केस में फंसाने पर हाई कोर्ट से पत्नी को लगाई फटकार

❑ **कहा... 'पत्नी के निराधार आरोप मानसिक क्रूरता की श्रेणी में आते हैं'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि पत्नी की ओर से पति और उसके परिवार पर लगाए गए निराधार और गंभीर आरोप मानसिक क्रूरता की श्रेणी में आते हैं। कोर्ट ने कहा कि इस तरह के बेबुनियाद आरोपों से न केवल सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल होती है, बल्कि अनुशासित बल (जैसे सीआईएसएफ) में कार्यरत व्यक्ति के करियर पर भी संकट आ सकता है।

न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य और न्यायमूर्ति सुप्रतिम भट्टाचार्य की पीठ ने सोमवार को मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। दरअसल, यह मामला सीआईएसएफ के एक जवान का है जिसकी पत्नी ने उस पर अवैध संबंध रखने और परिवार पर उनकी दूसरी बेटी को जान से मारने की कोशिश करने जैसे संगीन आरोप लगाए थे। हाई कोर्ट ने पाया कि पत्नी के ये दावे विरोधाभासों से भरे थे। उदाहरण के तौर पर, पत्नी ने आरोप लगाया कि 15 फरवरी 2019 को उसे ससुराल में प्रताड़ित किया गया जबकि जिरह के दौरान उसने खुद स्वीकार किया कि वह दिसंबर 2018 के बाद से अपने ससुराल गई ही नहीं थी। कोर्ट ने यह भी नोट किया कि दोनों पक्ष पिछले आठ सालों से अलग रह रहे हैं और कोई भी साथ नहीं रहना चाहता जिससे स्पष्ट है कि विवाह पूरी तरह टूट चुका है।

## वर्ग पहेली नं. 3375



*बायें से दायें :-* 1) सीखपूर्ण, 4) यात्रीदल, 7) कुत्ता, 9) कोठी, 11) कुछ, 12) धारयिता, 14) तरकारी, 15) फ़साद, 16) प्रभावी, 17) दिन, 18) अन्य, 19) थमा, 20) हासिल करना, 21) एक तिलहन, 23) बहनोई, 24) उचित, 26) समेत, 31) दालान, 32) मद्यपान, 33) कलाकृति.

*ऊपर से नीचे :-* 1) चेला, 2) देवोपहार, 3) क़ीमत, 4) डरपोक, 5) नफ़ा, 6) आबादी गिनती, 8) बुद्धिमान, 10) चरबी, 11) तंदुरुस्त, 13) कुछ, 15) पति-पत्नी, 16) जय-पराजय, 20) अर्जुन, 22) गोंद, 25) पुलिस थाने का प्रमुख, 27) गणित, 28) समूचा, 29) दुनिया, 30) भाग, 31) छूटा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-3333

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 4 | | 6 | | | 5 |
| | | 9 | | | 1 | | 6 | |
| | | 2 | | 7 | 9 | | | |
| | | | | 3 | | 1 | | |
| | | | | | 7 | 4 | 3 | 6 |
| | | | | | 2 | 8 | | |
| | 6 | | | | | | 9 | |
| 4 | | 8 | | | | 7 | | |
| | | | | | | | | 2 |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3332 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 1 | 7 | 2 | 5 | 9 | 8 | 4 |
| 4 | 5 | 7 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 3 | 4 | 5 | 7 | 6 |
| 5 | 1 | 2 | 3 | 6 | 8 | 4 | 9 | 7 |
| 8 | 7 | 4 | 5 | 1 | 9 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 6 | 2 | 4 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 9 | 6 | 8 | 4 | 7 | 2 | 1 | 3 | 5 |
| 1 | 2 | 5 | 6 | 9 | 3 | 7 | 4 | 8 |
| 7 | 4 | 3 | 8 | 5 | 1 | 2 | 6 | 9 |

बुधवार, 11 मार्च 2026

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष अष्टमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 12, मूल्य 3.00 रुपये

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 22 – 31 |
| आर्द्रता | 74% |
| सूर्योदय: 05:51 | सूर्यास्त: 17:44 |



केंद्रीय कैबिनेट के कई अहम फैसले, सड़क-रेल व जल योजनाओं को मंजूरी पृष्ठ 7

स्थानीय खबरें पृष्ठ दो, चार, और पांच पर

**सुविचार :** इंसान रोटी पाने के लिए दौड़ता है और पचाने के लिए भी दौड़ता है।

## जयशंकर ने ईरान के विदेश मंत्री अराघची से फोन पर बात की

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया संकट, विशेष रूप से ऊर्जा आपूर्ति पर बढ़ते असर को लेकर चिंताओं के बीच विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को अपने ईरानी समकक्ष सैयद अब्बास अराघची से फोन पर बातचीत की। अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर संयुक्त सैन्य हमले शुरू करने के बाद से जयशंकर ने तीसरी बार अराघची से बात की। जयशंकर ने सोशल मीडिया पर कहा, ''आज शाम ईरान के विदेश मंत्री अराघची के साथ संघर्ष से संबंधित नवीनतम घटनाक्रम पर विस्तृत बातचीत हुई। हम संपर्क में रहने पर सहमत हुए। पश्चिम एशिया में संकट के मद्देनजर तेल आपूर्ति में व्यवधान को लेकर वैश्विक स्तर पर बढ़ती चिंताओं के बीच दोनों विदेश मंत्रियों के बीच फोन पर बातचीत हुई। ईरान द्वारा फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित एक संकरे समुद्री परिवहन मार्ग, होर्मुज जलडमरूमध्य को लगभग अवरुद्ध कर दिए जाने के बाद वैश्विक तेल और गैस की कीमतों में उछाल आया है।

## भारत ने अफगानिस्तान पर पाकिस्तान के हवाई हमलों को अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खुला उल्लंघन करार दिया

**संयुक्त राष्ट्र :** भारत ने अफगानिस्तान पर पाकिस्तान के हवाई हमलों की निंदा करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय कानून का ''स्पष्ट उल्लंघन'' करार दिया और कहा है कि रमजान के दौरान नागरिकों की जान लेने वाले हमले करते समय इस्लामी एकजुटता का आह्वान करना ''पाखंड'' है। सोमवार को अफगानिस्तान की स्थिति पर सुरक्षा परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए, संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि हरीश पर्वतनेनी ने अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के अनुपालन और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव के आह्वान के प्रति नयी दिल्ली के समर्थन को दोहराया।

# किसी भी पात्र मतदाता का नाम नहीं हटाया जाएगा, बंगाल चुनाव स्वतंत्र और शांतिपूर्ण होंगे : सीईसी

**कहा... 'चुनाव का चरण कानून-व्यवस्था की तैयारियों के आकलन पर निर्भर करेगा'**





**कहा... 'निष्पक्ष चुनाव के लिए सरकारी अधिकारियों का पूर्णतः निष्पक्ष आचरण आवश्यक'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से नहीं हटाया जाएगा और उसकी प्राथमिकता राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करना है। राज्य में चुनाव तैयारियों पर दो दिन तक राजनीतिक दलों, प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कई बैठकें करने के बाद, कोलकाता में संवाददाता सम्मेलन में कुमार ने कहा कि राज्य की जनता का हमेशा से 'शांतिपूर्ण और भागीदारी वाले लोकतंत्र' में विश्वास रहा है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य बंगाल में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव तथा शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करना है। सीईसी ने कहा कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम नहीं हटाया जाएगा। मतदाताओं की सूची को लेकर जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर कुमार ने कहा कि यह प्रक्रिया संवैधानिक मानदंडों के अनुसार पूरे देश में चलाई जा रही है। सीईसी के अनुसार, मतदाता सूची के पुनरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि मतदाता सूची 'त्रुटिरहित' बनी रहे। कुमार ने कहा कि इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जो लोग मतदान करने के पात्र हैं, उनके नाम मतदाता सूची में शामिल हों, जबकि अपात्र लोगों के नाम सूची में नहीं रहें। सीईसी ने इस दावे का खंडन किया कि तार्किक विसंगतियां केवल बंगाल के लिए ही सामने लाई गई हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की तरह ही सभी 12 राज्यों में इस तरह की विसंगतियां उजागर हुई हैं। कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव कितने चरण में आयोजित किये जाएंगे, यह राज्य मशीनरी की कानून-व्यवस्था की तैयारियों के आकलन पर निर्भर करेगा। हम दिल्ली पहुंचकर और पिछले दो दिनों में हुई बैठकों के नतीजों पर चर्चा करने के बाद निर्णय लेंगे।

### 'मतदाताओं या चुनाव अधिकारियों के साथ हिंसा बिल्कुल बर्दाश्त नहीं'

उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि निर्वाचन आयोग मतदाताओं या चुनाव अधिकारियों के साथ हिंसा या उन्हें डराने-धमकाने के प्रति बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करने की नीति अपनाएगा। उन्होंने कहा कि राजनीतिक नेताओं द्वारा मतदाताओं या चुनाव कर्मियों को डराने-धमकाने का कोई भी प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में शामिल सभी सरकारी कर्मचारी निर्वाचन आयोग के निर्देशों का सख्ती से पालन करेंगे। कुमार ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए सरकारी अधिकारियों का पूर्णतः निष्पक्ष आचरण आवश्यक है। आयोग ने राज्य में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारियों को बिना किसी डर या पक्षपात के कानून के शासन को सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया है।

## एसआईआर : नाम हटाने के खिलाफ अपील की सुनवाई के लिए ट्रिब्यूनल गठित करने के आदेश

**'न्यायिक अधिकारियों पर शक करने की हिम्मत नहीं करें', सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार और चुनाव आयोग को लगाई कड़ी फटकार**

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल में विशेष गहन परीक्षण (एसआईआर) के दौरान मतदाता सूची से नाम हटा दिये गये लोगों की अपीलें सुनने के लिए एक स्वतंत्र अपीलीय न्यायाधिकरण स्थापित करने का मंगलवार को आदेश दिया, जिसकी अध्यक्षता उच्च न्यायालयों के पूर्व न्यायाधीश करेंगे। न्यायालय ने उन प्रयासों के खिलाफ भी सख्त चेतावनी दी, जो एसआईआर प्रक्रिया के दौरान मतदाता सूची से बाहर कर दिये गये व्यक्तियों के दावे और आपत्तियों को निपटाने के लिए तैनात न्यायिक अधिकारियों की निष्पक्षता को कमजोर करने के लिए किए जा रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय पीठ ने ऐसे प्रयासों को न्यायपालिका के अपमान के रूप में वर्णित करते हुए कहा कि आपने ऐसे आवेदन दायर करने की हिम्मत कैसे की? इससे लगता है कि आपको भरोसा नहीं है, किसी को भी न्यायिक अधिकारियों को चुनौती देने की हिम्मत नहीं करनी चाहिए। भारत के प्रधान न्यायाधीश के तौर पर मैं इसे सहन नहीं करूंगा। पीठ इस बात से नाराज नजर आई, क्योंकि एक नयी याचिका में यह कहा गया था कि जिन लोगों को मतदाता सूची से हटाया जा रहा है, उनके दावे और आपत्तियों को निपटाने की अनुमति न्यायिक अधिकारियों को न दी जाए। पीठ ने मंगलवार को कोलकाता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश की नई रिपोर्ट का अध्ययन किया और कई नये दिशानिर्देश जारी किए। न्यायालय ने पश्चिम बंगाल सरकार और निर्वाचन आयोग को राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में न्यायिक अधिकारियों को सभी प्रकार की सहायता प्रदान करने का निर्देश भी दिया। यह भी कहा कि न्यायिक अधिकारियों के निर्णयों की समीक्षा निर्वाचन आयोग के किसी भी प्रशासनिक अधिकारी द्वारा नहीं की जा सकती। शीर्ष अदालत ने कहा कि कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अपीलों पर सुनवाई के लिए पूर्व मुख्य न्यायाधीशों और उच्च न्यायालय के दो या तीन न्यायाधीशों से अपीलीय न्यायाधिकरणों में अपनी सेवा देने के लिए आग्रह कर सकते हैं। ये पूर्व न्यायाधीश कलकत्ता उच्च न्यायालय या निकटवर्ती राज्यों के उच्च न्यायालयों के हो सकते हैं। एक बार अनुशंसा हो जाने के बाद, निर्वाचन आयोग को उन्हें ऐसी अपीलें सुनने के लिए अपीलीय न्यायाधिकरण के रूप में अधिसूचित करना होगा। प्रत्येक पीठ में सदस्यों की संख्या को कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के विवेक पर छोड़ दिया गया है।

## ममता ने पांचवें दिन धरना किया समाप्त, कहा... 'जरूरत पड़ी तो 50 दिन के लिए बैठ जाऊंगी'

**मतदाता सूची संशोधन पर अपीलीय अधिकरण गठित करने के कदम का किया स्वागत**



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को ''दोषपूर्ण एसआईआर प्रक्रिया' के खिलाफ अपना धरना पांचवें दिन समाप्त कर दिया और कहा कि उच्चतम न्यायालय द्वारा मतदाता सूची में संशोधन के संबंध में अपीलीय अधिकरण गठित करने के आदेश के बाद विरोध-प्रदर्शन को अस्थायी रूप से स्थगित किया जा रहा है। उच्चतम न्यायालय द्वारा अपीलीय अधिकरण के गठन के कदम का स्वागत करते हुए, ममता ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा बंद किया गया दरवाजा अब खुल गया है, जिससे उन लोगों के लिए आशा की एक नई किरण जगी है, जिनके नाम एसआईआर के तहत 'तार्किक विसंगति' के कारण हटा दिए गए थे या विचाराधीन थे। मुख्यमंत्री ने धरना 'अस्थायी रूप से' समाप्त करने की घोषणा करते हुए कहा कि तृणमूल कांग्रेस आगे की स्थिति पर नजर रखेगी। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने कहा कि हमने दो कारणों से धरना शुरू किया था – मनमाने ढंग से नामों को हटाने और यह सुनिश्चित करने के लिये कि वास्तविक मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने उच्चतम न्यायालय में याचिका एक 'आम नागरिक' के रूप में दायर की है, न कि अपनी आधिकारिक क्षमता में, और आशा व्यक्त की कि न्यायपालिका यह सुनिश्चित करेगी कि वास्तविक मतदाताओं को मतदाता सूची से न हटाया जाए। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय का आदेश बंगाल की जनता की जीत है। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि इस मुद्दे पर निर्वाचन आयोग की प्रतिक्रिया भाजपा से प्रभावित प्रतीत होती है। साथ ही उन्होंने मतुआ, मुस्लिम, ईसाई और आदिवासी सहित सभी समुदायों के लिए न्याय की मांग की। एलपीजी सिलेंडर की कीमतें बढ़ाने के लिए भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए ममता ने कहा कि विज्ञापन पर खर्च किया जा रहा पैसा रसोई गैस पर सब्सिडी के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

## न्यायालय ने शरिया कानून के प्रावधानों को रद्द करने की याचिका पर कहा : यूसीसी का समय आ गया है

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि अब 'समान नागरिक संहिता' (यूसीसी) लागू करने का समय आ गया है। शीर्ष अदालत ने 1937 के शरिया कानून के प्रावधानों को मुस्लिम महिलाओं के साथ भेदभावपूर्ण बताते हुए निरस्त करने के अनुरोध वाली याचिका को ''एक बहुत अच्छा मामला'' बताया और कहा कि इस पर केवल विधायिका (सरकार) को ही विचार करना चाहिए। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने कहा कि यदि न्यायालय शरिया उत्तराधिकार कानून को निरस्त करता है, तो इससे कानून में शून्य की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी, क्योंकि मुस्लिम उत्तराधिकार को नियमित करने वाला कोई वैधानिक कानून नहीं है। प्रधान न्यायाधीश ने याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण से कहा, ''सुधारों के प्रति हमारे अति-उत्साह में, हम उन्हें वंचित कर सकते हैं, और उन्हें पहले से मिल रहे अधिकारों से कम मिल सकता है। यदि 1937 का शरिया कानून खत्म हो जाता है, तो फिर सवाल क्या उठता है? क्या इससे एक अनावश्यक शून्य उत्पन्न नहीं होगा?'' न्यायमूर्ति बागची ने कहा, ''भेदभाव के मुद्दे पर आपका मामला बहुत मजबूत है, लेकिन क्या यह उचित नहीं होगा कि न्यायालय इस मामले को विधायिका के विवेक पर छोड़ दे, जिसे राज्य के नीति निदेशक सिद्धांतों (डीपीएसपी) के अनुसार, समान नागरिक संहिता लागू करने का अधिकार प्राप्त है?'' प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा, ''इसका उत्तर है समान नागरिक संहिता।''

### भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए काम करेंगे : बालेंद्र शाह

**काठमांडू :** प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार बालेंद्र शाह ने मंगलवार को नेपाल-भारत के ऐतिहासिक संबंधों को मजबूत और उन्हें अधिक परिणामोन्मुखी बनाने का विश्वास व्यक्त किया। रैपर से नेता बने 35 वर्षीय बालेंद्र शाह नेपाल के पहले मधेसी और सबसे युवा प्रधानमंत्री बनने के लिए तैयार हैं। शाह ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में ये बातें कही और पार्टी की चुनावी सफलता पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शुभकामनाओं के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।

## प्रधानमंत्री मोदी की ब्रिगेड रैली से पहले मंच हटाने का निर्देश, एसपीजी करेगी जमीन की जांच

**कोलकाता :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रस्तावित जनसभा से पहले ब्रिगेड परेड मैदान में तैयार किए गए मंच को हटाने का निर्देश दिया गया है। प्रधानमंत्री की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाली विशेष सुरक्षा समूह ने स्थल का निरीक्षण करने के बाद यह निर्णय लिया। मंगलवार से मंच हटाने का काम शुरू कर दिया गया है। इसके बाद सुरक्षा दल जमीन के नीचे विस्तृत जांच करेगा। विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी की ओर से राज्य के विभिन्न जिलों में परिवर्तन यात्रा निकाली गई थी। इस अभियान के समापन कार्यक्रम के रूप में 14 मार्च को कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बड़ी जनसभा प्रस्तावित है। इसके साथ ही एक प्रशासनिक कार्यक्रम भी आयोजित होने की संभावना है। सभा की तैयारियां पिछले रविवार से ही शुरू हो गई थीं। मुख्य मंच के निर्माण और मैदान की व्यवस्था की जिम्मेदारी पार्टी नेता राजू बंद्योपाध्याय देख रहे हैं। मंच का निर्माण भी लगभग पूरा हो चुका था। इसी दौरान विशेष सुरक्षा समूह के अधिकारियों ने स्थल का निरीक्षण कर मंच हटाने का निर्देश दिया। उनका कहना है कि जिस स्थान पर मंच बनाया गया है, वहां जमीन के नीचे जांच करना आवश्यक है। पूरी तरह संतुष्ट होने के बाद दोबारा मंच तैयार किया जाएगा। राजू बंद्योपाध्याय ने बताया कि संभवतः बुधवार सुबह तक सभी जांच पूरी हो जाएगी और उसके बाद मंच फिर से बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि चिंता की कोई बात नहीं है और 14 मार्च को निर्धारित समय पर ही प्रधानमंत्री की सभा होगी।

## एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स क्षेत्र को बढ़ावा दे रहा है भारत : प्रधानमंत्री मोदी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत नवाचार-आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ते हुए एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स (एवीजीसी) क्षेत्र को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है। मोदी ने मंगलवार को एक वेबिनार का उद्घाटन करते हुए शैक्षणिक संस्थानों से उद्योग जगत के साथ सहयोग बढ़ाने और शोध-आधारित शिक्षा को मजबूत करने का आह्वान किया, ताकि शैक्षणिक संस्थान नवाचार और उद्योग सहभागिता के केंद्र बन सकें। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक उन्होंने कहा कि इससे छात्रों को वास्तविक दुनिया का अनुभव मिलेगा और राष्ट्रीय कौशल पारिस्थितिकी तंत्र भी मजबूत होगा। प्रधानमंत्री ने वेबिनार श्रृंखला का



उद्घाटन करते हुए इस बात पर बल दिया कि भारत नवाचार-आधारित अर्थव्यवस्था की दिशा में आगे बढ़ते हुए एवीजीसी क्षेत्र को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित कर रहा है। कार्यक्रम में मौजूद केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार ने भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईसीटी) की स्थापना भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) जैसे प्रमुख संस्थानों की तर्ज पर की है। इस संस्थान में उच्च तकनीक वाली मॉडल प्रयोगशालाएं शामिल हैं जिन्हें विश्व स्तर पर सर्वश्रेष्ठ माना जाता है और ये दुनिया की अग्रणी सुविधाओं के समकक्ष हैं। उन्होंने कहा कि यह संस्थान रचनात्मक, मीडिया और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों के उभरते क्षेत्रों में युवाओं को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान करेगा। वैष्णव ने बताया कि दूरदर्शन ने 'क्रिएटर्स कॉर्नर' नामक एक शो की शुरुआत की है, जो कंटेंट क्रिएटर्स को अपना काम दिखाने, राजस्व अर्जित करने और देश के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर दर्शकों तक पहुंचने का अवसर प्रदान करता है।

## एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस हवाई टिकट पर ईंधन अधिभार लगाएंगी, हवाई यात्रा महंगी होगी

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण विमान ईंधन एटीएफ की कीमतों में तेजी आने पर एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस 12 मार्च से प्रत्येक घरेलू उड़ान के टिकट पर 399 रुपये का ईंधन अधिभार लागू करेंगी। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए भी ईंधन अधिभार बढ़ाया जाएगा। इससे हवाई यात्रा महंगी हो जाएगी। मंगलवार को जारी बयान में कहा गया कि नई अधिभार प्रणाली चरणबद्ध तरीके से लागू की जाएगी। पहले चरण में, 12 मार्च से घरेलू और दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (दक्षेस) के लिए उड़ानों पर 399 रुपये प्रति टिकट का ईंधन अधिभार लागू होगा। बयान में कहा गया कि पश्चिम एशिया की उड़ानों के लिए अधिभार 10 डॉलर, अफ्रीका के लिए 90 डॉलर और दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए 60 अमेरिकी डॉलर होगा। यह सभी बदलाव 12 मार्च से प्रभावी होंगे, जिसमें सिंगापुर की उड़ानें भी शामिल हैं। वर्तमान में सिंगापुर सेवाओं पर कोई ईंधन अधिभार नहीं है। बयान में कहा गया, ''एयर इंडिया समूह ने आज अपने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर ईंधन अधिभार को चरणबद्ध तरीके से बढ़ाने की घोषणा की, जो खाड़ी क्षेत्र में भू-राजनीतिक स्थिति के कारण जेट ईंधन की कीमतों में तेज वृद्धि के कारण आवश्यक हो गया है।''

# ईरान ने दबाव बनाने की रणनीति के तहत इजराइल, खाड़ी देशों पर नये हमले किए

**दुबई :** ईरान ने मंगलवार को दबाव बनाने की नीति के तहत इजराइल और खाड़ी देशों पर नये हमले किए। इस युद्ध ने वैश्विक बाजारों को हिलाकर रख दिया है। संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में मिसाइलों की चेतावनी वाले सायरन बजने लगे, जबकि बहरीन में अधिकारियों ने कहा कि ईरान ने राजधानी में एक रिहायशी इमारत को निशाना बनाया, जिसमें 29-वर्षीय एक महिला मारी गई, जबकि आठ घायल हो गए। इस बीच, सऊदी अरब ने कहा कि उसने अपने तेल-समृद्ध पूर्वी क्षेत्र में दो ड्रोन नष्ट कर दिये, जबकि कुवैत के नेशनल गार्ड ने कहा कि उसने छह ड्रोन मार गिराए हैं। संयुक्त अरब अमीरात में, पेट्रोकेमिकल संयंत्रों वाले औद्योगिक शहर रुवैस में ईरानी ड्रोन हमले के बाद लगी आग को बुझाने के लिए दमकलकर्मी जूझते नजर आए। हालांकि, इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। यरुशलम में भी सायरन बजने लगे और तेल अवीव में विस्फोटों की आवाज सुनी गई, क्योंकि इजराइल की रक्षा प्रणालियां ईरान की ओर से हो रहे हमलों को रोकने का प्रयास कर रही थीं। इस बीच, अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि मंगलवार को ''ईरान के अंदर हमारे हमलों का एक बार फिर सबसे भयावह दिन होगा: सबसे अधिक लड़ाकू विमान, सबसे अधिक बमवर्षक विमान, सबसे अधिक हमले, तथा खुफिया जानकारी पहले से कहीं अधिक परिष्कृत और बेहतर होगी।'' इस बयान से कुछ ही समय पहले उन्होंने कहा, ''पिछले 24 घंटों में ईरान ने अब तक की सबसे कम संख्या में मिसाइलें दागी हैं।'' वहीं, प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोपहर के समय तेहरान में कई विस्फोटों की आवाज सुनाई दीं, जब इजराइल ने हवाई हमलों की एक नयी झड़ी लगा दी।

### कतर से 1,000 भारतीय नागरिकों को निकाला गया

**दोहा :** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच कतर में फंसे लगभग 1,000 भारतीय नागरिकों को मंगलवार को नयी दिल्ली, मुंबई और कोच्चि लाया गया। भारतीय दूतावास ने यह जानकारी दी। दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने फंसे हुए भारतीय नागरिकों और आपातकालीन मामलों की यात्रा को सुविधाजनक बनाने के लिए कतर एयरवेज के साथ समन्वय किया। दूतावास की तरफ से 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी गयी। दूतावास ने कहा, 10 मार्च को कतर एयरवेज की उड़ानों से लगभग 1,000 भारतीय यात्री नयी दिल्ली, मुंबई और कोच्चि गए। दूतावास ने मानवीय आधार पर मामलों को प्राथमिकता देने के लिए एयरलाइन को धन्यवाद दिया।

### ईरान से युद्ध जल्द समाप्त होने की संभावना, लेकिन तेल आपूर्ति बाधित हुई तो और कठोर हमले करेंगे: ट्रंप

**दुबइ :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि ईरान के खिलाफ युद्ध अल्पकालिक हो सकता है, लेकिन उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर इस्लामी गणराज्य वैश्विक तेल आपूर्ति को बाधित करता है तो लड़ाई और तेज हो सकती है। ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के मारे जाने के बाद उनके पुत्र अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई को उनका उत्तराधिकारी चुना गया। इसके एक दिन बाद ही तेल की कीमतें कुछ समय के लिए 2022 के बाद के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं। निवेशकों का मानना है कि यह इस बात का संकेत है कि अमेरिका और इजराइल द्वारा शुरू किए गए युद्ध के 10 दिन बाद ईरान अपनी स्थिति और मजबूत कर रहा है।

### इजराइल ईरानियों को मुक्ति दिलाने में मदद कर सकता है, लेकिन इसके लिए ईरानी आगे आएं: नेतन्याहू

**यरूशलम :** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि इजराइल ईरानियों को ''तानाशाही शासन से मुक्ति'' दिलाने में मदद कर सकता है, लेकिन देश में कोई भी राजनीतिक परिवर्तन अंततः वहां की जनता पर निर्भर करेगा। सोमवार को क्षेत्रीय संघर्ष के 11वें दिन राष्ट्रीय स्वास्थ्य कमान केंद्र पहुंचे नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल का अभियान ईरानी नेतृत्व को कमजोर कर रहा है।

## वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की किल्लत पर पेट्रोलियम मंत्रालय ने समिति बनाई

**नयी दिल्ली :** वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की अचानक किल्लत होने से होटल और रेस्तरां उद्योग में चिंता बढ़ने के बाद पेट्रोलियम मंत्रालय ने आपूर्ति से जुड़े मुद्दों की समीक्षा के लिए एक समिति गठित की है। एक शीर्ष सरकारी सूत्र ने मंगलवार को बताया कि यह समिति विभिन्न शहरों में वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कमी की शिकायतों की समीक्षा करेगी और होटल और रेस्तरांओं की वास्तविक जरूरतों के अनुसार ईंधन उपलब्ध कराएगी। एक अधिकारी ने कहा, ''आपूर्ति में कोई दिक्कत नहीं है। हम परिवारों की सभी जरूरतों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कर रहे हैं।'' हालांकि, पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के कारण ऊर्जा आपूर्ति में व्यवधान आया है। फिलहाल उद्योगों और व्यावसायिक ग्राहकों को एलपीजी की आपूर्ति सीमित है। इसी वजह से होटल और रेस्तरां, जो घरेलू रसोई के लिए सस्ते 14.2 किलो लाल सिलेंडर के बजाय महंगे 19 किलो के नीले सिलेंडर खरीदते हैं, बंद होने की चेतावनी दे रहे हैं। अधिकारी ने कहा, ''कल शाम से वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति में दिक्कत की शिकायतें आने लगीं। हमने तीन सदस्यों की एक समिति बनाई है जो हर मामले की समीक्षा करेगी और वास्तविक जरूरत के अनुसार एलपीजी उपलब्ध कराएगी।'' पेट्रोलियम मंत्रालय ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि परिवारों के अलावा अन्य क्षेत्रों को एलपीजी की आपूर्ति सुनिश्चत करने के लिए पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के तीन कार्यकारी निदेशकों की समिति बनाई गई है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन ने सोशल मीडिया पर एक अलग पोस्ट में कहा, ''परिवारों को आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ-साथ, आवश्यक अन्य क्षेत्रों जैसे अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान आदि को भी जरूरत के अनुसार एलपीजी उपलब्ध कराना तय किया गया है।''



### एलपीजी उत्पादन, सीएनजी, पाइप वाली रसोई गैस को आवंटन में मिली शीर्ष प्राथमिकता

पश्चिम एशिया में संघर्ष के कारण आयातित गैस आपूर्ति बाधित होने के बीच केंद्र सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित प्राकृतिक गैस के आवंटन की प्राथमिकता सूची संशोधित कर दी है। नई व्यवस्था में एलपीजी उत्पादन को सीएनजी और पाइप से मिलने वाली रसोई गैस के साथ शीर्ष प्राथमिकता दी गई है। सरकार की तरफ से जारी गजट अधिसूचना के मुताबिक, इन क्षेत्रों की जरूरतें पहले पूरी की जाएंगी और उसके बाद ही अन्य क्षेत्रों को गैस उपलब्ध कराई जाएगी। संशोधित व्यवस्था के तहत पाइप के जरिये घरेलू रसोई गैस (पीएनजी), वाहनों के लिए संपीडित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) और एलपीजी उत्पादन को प्राथमिकता श्रेणी में सबसे ऊपर रखा गया है। इन क्षेत्रों को पिछले छह महीने की औसत खपत के आधार पर 100 प्रतिशत गैस आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी।

### न्यूज ब्रीफ

#### इंडियन मेडिकल एसोसिएशन से सिफारिश पाने वाला पहला ब्रांड बना वीएलसीसी वेलनेस

**कोलकाता :** वीएलसीसी भारत का पहला ऑर्गनाइज़्ड वेलनेस ब्रांड बन गया है जिसे अपनी वेट मैनेजमेंट, स्लिमिंग और मेटाबोलिक वेलनेस सर्विसेज़ के लिए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) से सिफारिश मिली है। आईएमए ने देश के तेज़ी से बढ़ते वेलनेस सेक्टर में मेडिकल गवर्नेंस के लिए एक नया बेंचमार्क स्थापित किया है। वीएलसीसी के सीईओ और एमडी विकास गुप्ता ने कहा, जब से वीएलसीसी की स्थापना हुई है तब से कंपनी ने वजन नियंत्रण को मेडिकल और मेटाबॉलिक साइंस मानकर इलाज़ किया है। यह सिफारिश हमारे क्लिनिकल प्रोटोकॉल की मज़बूती और सुरक्षा, साइंटिफिक सख्ती और मापे जा सकने वाले परिणामों के लिए हमारे लंबे समय से चले आ रहे समर्पण को दर्शाती है।

#### कोटक ऑल्ट्स ने पहले कैटालिस्ट अवार्ड्स के विनर की घोषणा की

**कोलकाता :** कोटक कैटालिस्ट अवार्ड्स, जो फाइनेंशियल कंटेंट बनाने में बेहतरीन काम और ज़िम्मेदारी को पहचानने के लिए शुरू की गई एक नेशनल पहल है, ने अपने पहले कैटालिस्ट एडिशन के विनर की घोषणा की है। कोटक अल्टरनेट एसेट मैनेजर्स लिमिटेड (कोटक ऑल्ट्स) ने आज हिमानी चौधरी को विनर घोषित किया। विनर को 25 लाख रुपये का इनाम दिया गया, जिससे कैटालिस्ट भारत में फाइनेंशियल कंटेंट बनाने वालों के लिए सबसे खास पहचानों में से एक बन गया। कोटक ऑल्ट्स के प्रबंध निदेशक श्रीनि श्रीनिवासन ने कहा, कोटक ऑल्ट्स कैटालिस्ट पुरस्कार भारत में वित्तीय साक्षरता में सार्थक योगदान देने वाले कंटेंट क्रिएटर्स को पहचानने के लिए स्थापित किए गए थे। जैसे-जैसे निवेशक भागीदारी गहरी होती जा रही है, दर्शक स्पष्टता, संदर्भ और विश्वसनीयता की तलाश कर रहे हैं।

#### आरबीआई ने एयू स्मॉल फ़ाइनेंस बैंक के यूनिवर्सल बैंक ट्रांज़िशन की ओर बढ़ने के लिए एनओएफएचसी मानकों में ढील दी

**कोलकाता, समाज्ञा :** एयू स्मॉल फ़ाइनेंस बैंक (एयू एसएफबी) ने 7 मार्च को किए गए एक्सचेंज फ़ाइलिंग के माध्यम से बताया कि बैंक को भारतीय रिज़र्व बैंक से स्मॉल फ़ाइनेंस बैंक से यूनिवर्सल बैंक में परिवर्तन की प्रक्रिया के संबंध में संशोधित संचार प्राप्त हुआ है। आरबीआई ने इससे पहले 7 अगस्त 2025 को परिवर्तन के लिए इन-प्रिंसिपल अनुमोदन प्रदान किया था, जिसकी वैधता अवधि 18 महीने थी। इन-प्रिंसिपल अनुमोदन के तहत ठइख ने यह शर्त रखी थी कि परिवर्तित यूनिवर्सल बैंक में प्रमोटर्स/प्रमोटर समूह की हिस्सेदारी एक नॉन-ऑपरेटिव फ़ाइनेंशियल होल्डिंग कंपनी (एनओएफएचसी) के माध्यम से ही रखी जाएगी।

#### स्विगी और एचडीएफसी बैंक ने लॉन्च किए दो नए को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्विगी और निजी क्षेत्र के अग्रणी बैंक एचडीएफसी बैंक ने अपने को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए दो नए कार्ड स्विगी ब्लैक एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड और स्विगी ऑरेंज एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की है। इन कार्डों को रोजमर्रा के खर्च, भोजन, क्विक कॉमर्स, लाइफस्टाइल शॉपिंग और यात्रा से जुड़े लेनदेन पर अधिकतम लाभ देने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। इन कार्डों के जरिए ग्राहकों को स्विगी सहित कई प्रमुख ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बेहतर कैशबैक और विशेष छूट का लाभ मिलेगा। कार्डधारकों को क्लियरट्रिप पर होटल और फ्लाइट बुकिंग पर आकर्षक डिस्काउंट के साथ अतिरिक्त कैशबैक मिलेगा, जबकि नायका पर भी विशेष इंस्टेंट ऑफर उपलब्ध होंगे। इन नए कार्डों के माध्यम से उपभोक्ताओं को सालाना लगभग 48,000 तक की बचत का अवसर मिल सकता है। इच्छुक ग्राहक स्विगी ऐप या एचडीएफसी बैंक के डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

# दंगे भड़काते हैं ममता के बयान : समिक भट्टाचार्य

❑ **परिवर्तन यात्रा से भाजपा अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सरकार पर बोला हमला**

**पूर्व बर्दवान :** जिले के भातार इलाके में मंगलवार को भाजपा की परिवर्तन यात्रा के दौरान पार्टी के राज्यसभा सदस्य व भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने राज्य की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। समिक भट्टाचार्य ने कहा कि मुख्यमंत्री ने हाल ही में अपने धरना मंच से जो बयान दिया, वह न सिर्फ असंवैधानिक है बल्कि समाज में दंगे और विभाजन पैदा करने के लिए भी काफी है। उन्होंने कहा कि यह बयान तृणमूल कांग्रेस की निराशा और घबराहट को दिखाता है, जिसके कारण तृणमूल कांग्रेस इस तरह के निम्न स्तर की राजनीति पर उतर आई है। समिक भट्टाचार्य ने आगे कहा कि मैंने किसी भी नेता को किसी मंच से इस तरह का सीधा बयान देते नहीं सुना, जिसमें दो समुदायों को अलग करने और किसी पर हमला करने की धमकी देने जैसी बात कही गई हो। भाजपा सांसद ने दावा किया कि पिछले तीन वर्षों में राज्य में हुई हत्याओं में से 99 प्रतिशत मामले अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े लोगों के हैं और इन सभी मामलों में शिकायतों का रुख तृणमूल कांग्रेस की ओर जाता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से इस घटना के लिए सार्वजनिक माफी की मांग करते हुए कहा कि यदि माफी नहीं मांगी गई तो संविधान के रक्षक और संरक्षकों से सख्त कार्रवाई की मांग की जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा इस मुद्दे को लेकर औपचारिक रूप से कार्रवाई की मांग करेगी।



❑ **राज्य चुनाव आयोग पर भी उठाए सवाल, 'नो एसआईआर, नो वोट' का दिया नारा**

इस दौरान, समिक भट्टाचार्य ने चुनाव आयोग की भूमिका पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि राज्य में चुनाव से जुड़ी प्रक्रियाओं पर अभी तक सही तरीके से काम शुरू नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हमें फुल, हाफ या क्वार्टर बेंच से कोई मतलब नहीं है। मैंने पहले ही चुनाव आयोग से राज्य में आने की अपील की थी। अगर वह पहले आ जाते, तो शायद स्थिति इतनी खराब नहीं होती। उन्होंने यह भी कहा कि आयोग को यहां आने पर अच्छा स्वागत मिला और जब वह कालीघाट गया तब भी उसे सम्मान मिला। समिक भट्टाचार्य ने आरोप लगाया कि भाजपा द्वारा दाखिल की गई शिकायतें और फॉर्म-7, जिन्हें सिस्टम में अपलोड किया गया था, अभी तक पोर्टल पर दर्ज नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने साजिश के तहत भाजपा के बीएलए-2 के नाम पर उन्हें झूठे मामलों में फंसाने और परेशान करने की कोशिश की है। चुनाव प्रक्रिया को लेकर भाजपा का रुख स्पष्ट करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा जमा किए गए फॉर्म-6 से जुड़े सभी काम पूरे हुए बिना एसआईआर की प्रक्रिया नहीं रुक सकती। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नो एसआईआर, नो वोट, यही हमारी पार्टी की स्थिति है।

## राज्य के लोगों को एकजुट होकर बंगाल को भ्रष्टाचार से बचाना होगा : नायब सिंह सैनी

❑ **हरियाणा के सीएम ने दक्षिण 24 परगना विभाग में 'परिवर्तन यात्रा' की किया संबोधित**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना विभाग में भाजपा की 'परिवर्तन यात्रा' की जनसभा को संबोधित करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि बंगाल एक सांस्कृतिक रूप से समृद्ध राज्य है और इसकी मिट्टी तथा यहां के लोग पूरे देश के लिए गर्व का विषय हैं। उन्होंने कहा कि इसी पवित्र भूमि ने देश को अमर गीत 'वंदे मातरम्' दिया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि परिवर्तन यात्रा केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं है, बल्कि बंगाल में बदलाव का आह्वान है। उन्होंने कहा कि राज्य के लोगों को एकजुट होकर बंगाल को भ्रष्टाचार से बचाना होगा और तृणमूल कांग्रेस सरकार को सत्ता से हटाना होगा। उनके अनुसार, बंगाल के लोग विकास और भ्रष्टाचार से मुक्ति चाहते हैं। सैनी ने दक्षिण 24 परगना के लोगों, विशेष रूप से मछुआरों और किसान परिवारों की कड़ी मेहनत का उल्लेख किया, जो हर दिन अपनी आजीविका के लिए संघर्ष करते हैं। लेकिन उन्होंने चिंता जताई कि उनकी मेहनत के बावजूद वर्तमान राज्य सरकार की विफलताओं के कारण उन्हें बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने जिले के



लोगों द्वारा हर वर्ष झेली जाने वाली प्राकृतिक आपदाओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने आरोप लगाया कि राहत और पुनर्वास के नाम पर ममता बनर्जी सरकार ने लोगों को ठगा है। प्राकृतिक आपदाओं में लोगों के घर टूट गए, नावें नष्ट हो गईं, फिर भी पीड़ितों के लिए मिलने वाले लाभों की लूट हुई। सैनी ने कहा कि बेरोजगारी के कारण बंगाल के युवा गहरी चिंता में हैं और काम की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि यह स्थिति बदलनी चाहिए ताकि बंगाल के युवाओं को अपने ही राज्य में अवसर मिल सकें।

## उच्च माध्यमिक उत्तरपुस्तिकाओं की जांच में सभी शिक्षक लगाए जाएंगे : परिषद

**कोलकाता, समाज्ञा :** उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद ने राज्य के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों के प्रधानाध्यापकों को सूचित किया है कि इस वर्ष उच्च माध्यमिक उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य से शिक्षकों को छूट नहीं दी जा सकती। परिषद ने इसके पीछे माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर पर शिक्षकों की भारी कमी को कारण बताया है। संस्थानों को भेजे गए पत्र में परिषद ने कहा कि राज्य में परीक्षा देने वाले छात्रों की संख्या के मुकाबले शिक्षकों की संख्या बहुत कम है, इसलिए मूल्यांकन प्रक्रिया में सभी उपलब्ध शिक्षकों को लगाना आवश्यक हो गया है। परिषद ने सोमवार को प्रधानाध्यापकों को भेजे गए पत्र में कहा कि आप इस तथ्य से अवगत हैं कि हमारे राज्य में माध्यमिक और उच्च माध्यमिक स्तर पर छात्रों की संख्या की तुलना में शिक्षकों की संख्या बेहद कम है। इसलिए परिषद किसी भी शिक्षक को उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन ड्यूटी से छूट नहीं दे सकती। परिषद के एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि मूल्यांकन कार्य से किसी शिक्षक को मुक्त करने के अनुरोध सामान्यतः स्वीकार नहीं किए जाएंगे। परिषद के एक अधिकारी के अनुसार, इस वर्ष लगभग 7.5 लाख छात्रों ने परीक्षा दी, जिसके कारण मूल्यांकन के लिए उत्तरपुस्तिकाओं की संख्या बहुत अधिक हो गई है। इससे पहले भी शिक्षकों की कमी को देखते हुए परिषद ने कक्षा 12 की बोर्ड परीक्षाओं के दौरान प्राथमिक स्कूलों के शिक्षकों को भी निरीक्षक (इनविजिलेटर) के रूप में नियुक्त किया था। साथ ही, सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के अनुसार, पश्चिम बंगाल केंद्रीय स्कूल सेवा आयोग को 31 अगस्त तक कक्षा 12 स्तर के 12 हजार 514 शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करनी है।

## बंगाली कवि श्रीजातो बंद्योपाध्याय कार दुर्घटना में घायल

### मुख्यमंत्री ने पुलिस से त्वरित कार्रवाई करने को कहा

**कोलकाता, समाज्ञा**

प्रसिद्ध बंगाली कवि, गीतकार और फिल्म निर्माता श्रीजातो बंद्योपाध्याय मंगलवार को हावड़ा के संतरागाछी में एक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद घर लौटते समय एक कार दुर्घटना में घायल हो गए। उनकी पत्नी दुर्बा बंद्योपाध्याय ने पत्रकारों को बताया कि श्रीजातो बंद्योपाध्याय अपनी कार में यात्रा कर रहे थे कि तभी एक तेज रफ्तार वाहन ने पीछे से उनकी कार को टक्कर मार दी, जिससे कवि घायल हो गए। उन्होंने बताया कि कवि को तुरंत पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार दिया। उन्होंने बताया कि बाद में, चिकित्सीय जांच के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई और फिलहाल वह निगरानी में हैं। श्रीजातो की हालत स्थिर है। वह घर पर हैं।

डॉक्टरों ने उन्हें कुछ दिन तक आराम करने की सलाह दी है। इस घटना पर, मुख्यमंत्री ममता ने पुलिस से त्वरित कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने कहा कि कृपया दुर्घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ त्वरित कार्रवाई करें और उनकी तत्काल गिरफ्तारी सुनिश्चित करें।

## वोट के लिए जनसंपर्क तेज, अब घर-घर जाकर लोगों से मिल रही बंगाल भाजपा

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी ने जनसंपर्क अभियान को नया रूप दिया है। पार्टी नेताओं को अब बड़ी रैलियों के बजाय गांवों और मोहल्लों में घर-घर जाकर लोगों से मिलने और सीधे संवाद करने के निर्देश दिए गए हैं।

पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व ने राज्य इकाई को संदेश दिया है कि परिवर्तन यात्रा के लक्ष्य को समझाने के लिए गांवों की गलियों में जाकर मतदाताओं से बातचीत करनी होगी। नेताओं से कहा गया है कि वे ग्रामीण घरों में जाकर पानी पीने के बहाने बातचीत शुरू करें, लोगों की समस्याएं सुनें और इसी दौरान पार्टी की नीतियों और योजनाओं के बारे में जानकारी दें। केवल पर्चे बांटने से अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेगा।

पार्टी सूत्रों का दावा है कि इस तरीके से अब तक गुप्त रूप से करीब डेढ़ लाख छोटी बैठकों का आयोजन किया जा चुका है। इसके साथ ही नेताओं और जनप्रतिनिधियों को रोज कम से कम पांच बूथ क्षेत्रों का दौरा करने को कहा गया है। वहां कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करने और स्थानीय लोगों से मिलकर यह समझाने का निर्देश दिया गया है कि भाजपा की सरकार बनने पर उन्हें केंद्र की विभिन्न योजनाओं का क्या लाभ मिल सकता है।

नेताओं को गांवों में जाकर स्थानीय मंदिरों में पूजा करने के लिए भी कहा गया है। इसके अलावा पार्टी अपने संकल्प पत्र में स्थानीय समस्याओं और क्षेत्रीय मांगों को भी शामिल करने की तैयारी कर रही है। इसी कारण बूथ स्तर पर लोगों से उनकी जरूरतों और समस्याओं की जानकारी जुटाई जा रही है।

## कोलकाता में अखिल भारतीय गौड़ ब्राह्मण सभा का होली प्रीति मिलन समारोह संपन्न

**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतीय गौड़ ब्राह्मण सभा, कोलकाता द्वारा होली प्रीति मिलन समारोह शनिवार, 7 मार्च को मायरा बैंक्वेट में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में समाज के अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। पूर्व भारतीय पुलिस सेवा अधिकारी राजेश कुमार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। प्रधान अतिथि के रूप में भगवताचार्य मालीराम जी शास्त्री, पंडित बजरंग लालजी शर्मा, पार्षद महेश शर्मा के अलावा समारोह अध्यक्ष सुप्रसिद्ध व्यवसायी पवन भुवानिया उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में राजेश कुमार ने प्रशासनिक सेवाओं के क्षेत्र में युवाओं के लिए अवसरों से संबंधित एक कार्यशाला आयोजित करने की सलाह दी। सभा के वरिष्ठ सदस्य सतीश शर्मा ने कार्यक्रम के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में अन्य ब्राह्मण संस्थाओं के कई सेवाभावी पदाधिकारीगण भी उपस्थित हुए जिनमें प्रमुख हैं किशन गोस्वामी,



दुर्गा व्यास, दीपू शर्मा, राज कुमार व्यास, मूल चंद जी, आदि। अध्यक्ष आनंद शर्मा एवं सचिव जगमोहन जोशी ने सभी के प्रति आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया। समारोह के संयोजक संजीव शर्मा ने समारोह की रुपरेखा को सजाया एवं मंच का संचालन शशिकांत शर्मा, रवि शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा एवं गणेश डोकवाल ने बखूबी किया। कार्यक्रम में सभी ने राजस्थानी गीतों का भरपूर आनंद लिया। जयपुर की सुप्रसिद्ध गायिका मधु भाट और प्रदीप निर्मल की टीम ने मारवाड़ी गीतों की छटा बिखेरी और उनकी टीम की नृत्यांगना मौली ने अपनी अनूठी नृत्य कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनील शर्मा (संस्थापक सदस्य), अनिलदत्त शर्मा (पूर्व अध्यक्ष) सुशील ढंड (कोषाध्यक्ष), विकास शर्मा, मनोज शर्मा, राहुल जोशी, सज्जन सहल, नरेश शर्मा, सज्जन शर्मा, अनिल मिश्रा, बनवारी मिश्रा सहित अन्य सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा।

## बाल विवाह के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित करने की मांग

**कोलकाता :** दुनिया भर में जारी बाल विवाह की समस्या पर गंभीर चिंता जताते हुए भारत के प्रख्यात बाल अधिकार कार्यकर्ता और अंतरराष्ट्रीय ख्याति के विधिवेत्ता भुवन ऋभु ने संयुक्त राष्ट्र से बाल विवाह उन्मूलन के लिए एक अंतरराष्ट्रीय दिवस घोषित करने की मांग की है। यह मांग महिलाओं की स्थिति पर संयुक्त राष्ट्र के आयोग के 70वें सत्र के दौरान आयोजित एक कार्यक्रम में उठाई गई।

भुवन ऋभु ने कहा कि हाल के वर्षों में भारत में बाल विवाह के मामलों में उल्लेखनीय कमी आई है, लेकिन आज भी दुनिया में हर तीन सेकेंड में कहीं न कहीं एक बाल विवाह हो रहा है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह बच्चों के साथ होने वाले यौन शोषण के समान है, जिसे कई बार परंपरा या संस्कृति की आड़ में छिपा दिया जाता है।

कार्यक्रम में सिएरा लियोन की प्रथम महिला डॉ. फातिमा मादा बायो, नेपाल की महिला, बाल एवं वरिष्ठ नागरिक मंत्री श्रद्धा श्रेष्ठ, संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के सहायक महासचिव पियो स्मिथ, फ्रांस की मानवाधिकार राजदूत इसाबेल रोम, जर्मनी के उप स्थायी प्रतिनिधि थॉमस जाहनाइजेन, अफ्रीकी संघ की डॉ. एंजेला मार्टिन्स, डोमिनिकन गणराज्य की राष्ट्रीय बाल एवं किशोर परिषद की कार्यकारी अध्यक्ष लिजिया जेनेट पेरेज पेना, द डिप्लोमैटिक कूरियर की संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी एना रोल्ड, संयुक्त राष्ट्र महिला की क्षेत्रीय राजदूत जहा दुकुरेह, इक्वेलिटी नाउ की निदेशक दिव्या श्रीनिवासन तथा जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन की जनरल काउंसिल रचना त्यागी सहित कई अंतरराष्ट्रीय हस्तियों ने इस मांग का समर्थन किया।

जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन नेटवर्क के 250 से अधिक सहयोगी संगठन भारत के 451 जिलों में काम कर रहे हैं और पिछले तीन वर्षों में लगभग पाँच लाख बाल विवाह रुकवाए जा चुके हैं।

## जल्दबाजी में ट्रैक पार करना पड़ सकता है भारी, रेलवे ने यात्रियों को दी सख्त चेतावनी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने यात्रियों और आम लोगों से रेलवे ट्रैक पार करने जैसी खतरनाक प्रवृत्ति से बचने की अपील की है। रेलवे के अनुसार प्लेटफॉर्म के पास बने फुट ओवर ब्रिज या सबवे का इस्तेमाल करने के बजाय कई लोग समय बचाने के लिए सीधे ट्रैक पार करने का जोखिम उठाते हैं, जो अक्सर गंभीर हादसों का कारण बन जाता है। पूर्वी रेलवे के आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष अप्रैल 2025 से फरवरी 2026 के बीच ट्रैक पर अवैध रूप से प्रवेश (ट्रेसपासिंग) के कारण 1,886 लोगों की मौत और 319 लोग घायल हुए हैं। रेलवे के मुताबिक ये आंकड़े इस बात का संकेत हैं कि थोड़ी सी लापरवाही कितने बड़े नुकसान में बदल सकती है। रेलवे ने सुरक्षा बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए हैं। इसके अलावा जागरूकता अभियान, पोस्टर, स्टेशन घोषणाएं और ट्रैक के किनारे फेंसिंग और बाउंड्री वॉल भी मजबूत की जा रही हैं। रेलवे अधिनियम 1989 की धारा 147 के तहत ट्रैक पर अवैध प्रवेश अपराध है, जिसमें छह महीने तक की सजा या 1,000 रुपये तक जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। वर्ष 2025-26 (फरवरी तक) में इस धारा के तहत 5,557 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

पूर्व रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिबराम माझी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि दो मिनट बचाने के लिए ट्रैक पार करना जीवन को खतरे में डाल सकता है। उन्होंने यात्रियों से सुरक्षित मार्गों फुट ओवर ब्रिज और सबवे का ही उपयोग करने का आग्रह किया।

## पूर्व रेलवे का बड़ा कदम, नए ठहराव से क्षेत्रीय यात्रा और व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने यात्रियों की सुविधा बढ़ाने और क्षेत्रीय संपर्क को मजबूत करने के उद्देश्य से पिछले छह महीनों में अपने नेटवर्क में बड़े पैमाने पर नए ट्रेन ठहराव शुरू किए हैं। इस अवधि में लगभग 104 एक्सप्रेस/मेल ट्रेनों और 11 पैसेंजर ट्रेनों को विभिन्न स्टेशनों पर नए ठहराव की अनुमति दी गई है। इस तरह कुल 115 नई सेवाएं यात्रियों के लिए उपलब्ध कराई गई हैं। रेलवे के मुताबिक इन नए ठहरावों से दूरदराज के इलाकों को प्रमुख शहरों से बेहतर रेल संपर्क मिलेगा। जिन स्टेशनों को इसका लाभ मिला है उनमें सालार, पांडाबेश्वर, अंडाल जंक्शन, अंबिका कलना, महिपाल रोड, त्रिबेनी, कुल्टी, बराकर, सुल्तानगंज, कहलगांव,



सिमुलतला, धरहरा, शिवनारायणपुर, घाटा, आभैपुर, धौनी, पीरपैंती, अहमदपुर, चत्रा, चिंपाई, कासिमबाजार, गुस्करा, जंगीपुर, लालबाग कोर्ट रोड, मनीग्राम, मुराराई, नलहाटी, निमटीता, रामपुरहाट, सीतारामपुर, सूरी और उखरा सहित कई अन्य स्टेशन शामिल हैं। इन नए ठहरावों से स्थानीय व्यापार, पर्यटन और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। रेलवे का कहना है कि यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है, जिससे अधिक लोगों को सुविधाजनक और सुलभ रेल यात्रा का लाभ मिल सके।

### न्यूज अपडेट

#### सारदा घोटाला: जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करने का आदेश, 12 साल बाद सामने आएगी श्यामल सेन आयोग की जानकारी

**कोलकाता :** सारदा चिटफंड घोटाले से जुड़े मामले में कोलकाता उच्च न्यायालय ने महत्वपूर्ण आदेश दिया है। अदालत ने राज्य सरकार द्वारा गठित न्यायमूर्ति श्यामल सेन आयोग की पूरी जांच रिपोर्ट, वित्तीय विवरण और संबंधित दस्तावेज सार्वजनिक करने का निर्देश दिया है। आयोग के बंद होने के लगभग 12 वर्ष बाद अब इस घोटाले से जुड़ी विस्तृत जानकारी सामने आ सकेगी। करीब एक दशक पहले श्यामल सेन आयोग ने राज्य सरकार द्वारा घोषित 500 करोड़ रुपये के राहत कोष में से लगभग 225 करोड़ रुपये जमाकर्ताओं को लौटाए थे। आयोग का काम समाप्त होने के बाद तिजोरी में बची राशि और सभी वित्तीय दस्तावेज राज्य सरकार को सौंप दिए गए थे। इनकी एक प्रति उच्च न्यायालय में भी जमा की गई थी, लेकिन अब तक इसे सार्वजनिक नहीं किया गया था। इस रिपोर्ट को सार्वजनिक करने की मांग को लेकर अदालत में मामला दायर किया गया था। अब न्यायमूर्ति राजर्षि भरद्वाज की खंडपीठ ने उच्च न्यायालय के पास मौजूद इस रिपोर्ट को मामले से जुड़े सभी पक्षों को उपलब्ध कराने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने चिटफंड मामलों में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय के वकीलों की अनुपस्थिति पर भी कड़ी नाराज़गी जताई और भविष्य में ऐसी स्थिति दोहराने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

#### कान्यकुब्ज सभा का फाग उत्सव सम्पन्न



**कोलकाता :** कलकत्ता कान्यकुब्ज सभा के होली प्रीति मिलन समारोह में फाल्गुनी गीत-संगीत की प्रस्तुति से कलाकारों ने भाव विभोर किया। कान्यकुब्ज सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन पंडित लक्ष्मीकान्त तिवारी, सभा के अध्यक्ष दीपक मिश्रा, सचिव कुलदीप दीक्षित, संयोजक जयकरण त्रिवेदी, बिमलेश त्रिवेदी, अभिषेक तिवारी ने सदस्यों को होली की शुभकामना दी। फाग उत्सव की सफलता के लिये सुनील अवस्थी, दया शंकर मिश्र, रामलाल तिवारी, अजय तिवारी, बीरेन्द्र तिवारी, राजेश शुक्ला, सुनील दीक्षित, आनंद मिश्रा, संगम पांडे, राजेंद्र द्विवेदी, विवेक दीक्षित, मनीष बाजपेई, अमित बाजपेई, विक्रम बाजपेई, विवेक त्रिवेदी, राजीव तिवारी, सज्जन तिवारी, गुड्डन सिंह, कमलेश बाजपेई, अंकुर मिश्रा, मुकेश शर्मा, ताड़क दत्त सिंह, जीतू शुक्ला, उत्तम त्रिपाठी, बच्चू पांडे एवं कार्यकर्ता सक्रिय रहे।

#### भारतीय अब अपनी भाषा में यात्रा की खोज कर रहे हैं : मेकमायट्रिप


**कोलकाता, समाज्ञा :** मेकमायट्रिप के अनुसार भारतीय यात्री अब अपनी भाषा में बोलकर यात्रा से जुड़ी जानकारी खोजने लगे हैं। कंपनी के जेन-एआई आधारित ट्रिप प्लानिंग असिस्टेंट 'मायरा' पर हुई करीब 20 लाख वॉइस बातचीत के आंकड़े बताते हैं कि उपयोगकर्ता अब वॉइस के माध्यम से अपनी जरूरतें अधिक विस्तार और संदर्भ के साथ बता रहे हैं। कंपनी के मुताबिक मायरा पर रोजाना 50 हजार से अधिक बातचीत दर्ज हो रही हैं। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, जहां टेक्स्ट सर्च आमतौर पर 3-4 शब्दों के छोटे कीवर्ड तक सीमित रहते हैं, वहीं वॉइस सर्च में लोग बातचीत के अंदाज में प्रश्न पूछते हैं। लगभग 23 प्रतिशत वॉइस क्वेरी 11 शब्दों से अधिक लंबी होती हैं, जबकि टेक्स्ट सर्च में यह आंकड़ा करीब 7 प्रतिशत है। मेकमायट्रिप के सह-संस्थापक और ग्रुप सीईओ, राजेश मागो ने कहा कि, वॉइस सर्च लोगों को अपनी पसंदीदा भाषा में यात्रा की योजना बनाने का अधिक स्वाभाविक तरीका दे रहा है। मायरा हिंदी, बंगाली, कन्नड़, मलयालम, मराठी, तमिल, तेलुगु और अंग्रेजी सहित कई भाषाओं में काम करता है तथा इसकी 45 प्रतिशत से अधिक क्वेरी टियर-2 और छोटे शहरों से आ रही हैं।

#### नारकेलडांगा में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए 'कला केंद्र - सृजन' का उद्घाटन




**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन (ईआरडबल्यूडबल्यूओ) ने नारकेलडांगा में 'कला केंद्र - सृजन' की शुरुआत की। इस केंद्र का उद्घाटन ईआरडबल्यूडबल्यूओ की अध्यक्ष सीमा देउस्कर ने किया। इस अवसर पर ईआरडबल्यूडबल्यूओ/सियालदह की अध्यक्ष निधि सक्सेना और सियालदह मंडल के डीआरएम राजीव सक्सेना सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। यह कला केंद्र महिलाओं के कौशल विकास और रचनात्मक अभिव्यक्ति के लिए एक विशेष मंच के रूप में विकसित किया गया है। इसका उद्देश्य महिलाओं को विभिन्न कलाओं के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना है। केंद्र में नृत्य सीखने और अभ्यास के लिए 'ताल तरंग' नामक विशेष कक्ष बनाया गया है, जहां महिलाएं पारंपरिक और आधुनिक नृत्य का प्रशिक्षण ले सकेंगी। इसके अलावा, सिलाई और टेलरिंग प्रशिक्षण के लिए 'सिलाई सूत्र' नामक कक्ष भी स्थापित किया गया है, जिससे महिलाओं को तकनीकी कौशल के साथ आर्थिक रूप से सशक्त बनने में मदद मिलेगी। केंद्र परिसर में 'हैप्पी पार्क' नाम से एक हरित क्षेत्र भी विकसित किया गया है, जो महिलाओं और स्थानीय लोगों के लिए मनोरंजन और विश्राम का स्थान होगा।

#### छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा



**कोलकाता, समाज्ञा :** छत्तीसगढ़ साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा के कोलकाता आगमन के अवसर पर सेठ सूरजमल जालान संस्थान में एक महत्वपूर्ण साहित्यिक परिचर्चा आयोजित की गई। परिचर्चा में महानगर के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. प्रेमशंकर त्रिपाठी तथा उमेशचंद्र कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. कमल कुमार ने अपने विचार रखते हुए प्रस्तावित राष्ट्रीय कार्यक्रम के स्वरूप को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बैठक का वातावरण अत्यंत आत्मीय और विचारपूर्ण रहा, जिसमें उपस्थित साहित्यकारों ने साहित्य, भाषा और पत्रकारिता के विविध आयामों पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर पुस्तकाध्यक्ष श्रीमोहन तिवारी, दिव्या प्रसाद, परमजीत कुमार पंडित, अरविन्द तिवारी, विवेक तिवारी तथा संदीप कुमार भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी कार्यक्रम की सफलता के लिए अपने सुझाव प्रस्तुत किए।

# राज्य में छह हजार शतायु और 5.23 लाख मतदाता पहली बार करेंगे मतदान : मुख्य निर्वाचन आयुक्त

❑ **सभी मतदान केंद्रों पर 100 प्रतिशत वेबकास्टिंग की व्यवस्था**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने मंगलवार को कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में 6,000 से अधिक शतायु मतदाता और 18-19 आयु वर्ग के 5.23 लाख नए मतदाता मतदान के लिए पात्र होंगे। कुमार ने यह भी बताया कि राज्य में लगभग 1.31 करोड़ मतदाता 20 से 30 वर्ष की आयु के बीच हैं। कुमार यह जानकारी आयोग की पूर्ण बैठक के बाद आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दे रहे थे। चुनाव आयोग ने इस बार युवाओं




की भागीदारी पर खास जोर दिया है। हर विधानसभा क्षेत्र में विशेष पंजीकरण अधिकारी तैनात होंगे। ये अधिकारी कॉलेजों में जाकर युवाओं को चुनाव से जोड़ने के लिए अभियान चलाएंगे। आयोग का मकसद एक शुद्ध वोटर लिस्ट तैयार करना है ताकि कोई भी योग्य वोटर छूट न जाए और किसी गलत व्यक्ति का नाम शामिल न हो।

❑ **बुजुर्गों, दिव्यांगों और महिलाओं के लिए खास इंतजाम**

उन्होंने बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु के लगभग 3,78,000 मतदाताओं को अपने घरों पर मतदान करने का विकल्प उपलब्ध होगा। सभी पोलिंग स्टेशन ग्राउंड फ्लोर पर बनाए जाएंगे ताकि किसी को परेशानी न हो। वहां रैंप और व्हीलचेयर का इंतजाम रहेगा और दिव्यांगों को वोट डालने में प्राथमिकता दी जाएगी। कुमार ने बताया कि 8,000 से अधिक मतदान केंद्रों का संचालन महिलाओं द्वारा किया जाएगा, और इनमें से 600 को आदर्श मतदान केंद्र के रूप में नामित किया जाएगा।

❑ **80,000 से ज्यादा मतदान केंद्र होंगे, ईवीएम पर उम्मीदवारों की रंगीन फोटो**

उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की 294 विधानसभा सीटों में से 210 सामान्य, 68 अनुसूचित जाति के लिए और 16 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में 80,000 से अधिक मतदान केंद्र हैं, जिनमें से 61,000 ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केंद्रों पर 100 प्रतिशत वेबकास्टिंग की जाएगी, जिसकी सख्त निगरानी आयोग के अधिकारी करेंगे। इस बार, ईवीएम पर उम्मीदवारों की रंगीन फोटो होगी ताकि वोटर आसानी से अपने पसंदीदा उम्मीदवार को चुन सकें। भीड़ से बचने के लिए एक बूथ पर 1,200 से ज्यादा वोटर नहीं होंगे। पोलिंग स्टेशन के बाहर मोबाइल फोन जमा करने की सुविधा भी मिलेगी।

❑ **फेक न्यूज़ पर कड़ी नजर, ईवीएम की दोबारा जांच के लिए 7 दिनों में आवेदन**

उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर फेक न्यूज पर कड़ी नजर रखी जाएगी और ऐसे मामलों को ट्रैक किया जाएगा। डाक मतपत्रों की गिनती पहले पूरी की जाएगी, उसके बाद ईवीएम की दो राउंड की गिनती होगी। यदि किसी उम्मीदवार को परिणाम के बाद ईवीएम की दोबारा जांच चाहिए, तो वह 7 दिनों के भीतर इसके लिए आवेदन कर सकता है।

## पोस्टल बैलट विवाद : बंगाल पुलिस ने शुभेंदु अधिकारी के वोटों से हेराफेरी के आरोप को नकारा

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले पुलिस कर्मचारियों के पोस्टल बैलट को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी ने पश्चिम बंगाल पुलिस पर आरोप लगाया है कि वह तृणमूल कांग्रेस के इशारे पर पुलिस कर्मियों के वोटों में हेराफेरी कर रही है। वहीं, पुलिस ने इन आरोपों का पूरी तरह खंडन किया है और चुनावी प्रक्रिया की पारदर्शिता पर जोर दिया है। राज्य पुलिस ने अपने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल से पोस्ट कर आरोपों का खंडन किया। पुलिस के अनुसार, पोस्टल बैलट (पीबी) को इकट्ठा करने या रिजर्व अधिकारियों द्वारा संभालने की कोई गुंजाइश नहीं है। पीबी केवल पोस्टल वोटिंग सेंटर (पीवीसी) पर पीठासीन अधिकारी द्वारा जारी किए जाते हैं। वोटर वोट डालने के बाद बैलट को सील कर ड्रॉप बॉक्स में डालता है, और पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी होती है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि चुनाव ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मी फॉर्म 12डी के जरिए आवेदन करते हैं, जिसकी जांच संबंधित रिटर्निंग अधिकारी करते हैं। अप्रूव्ड वोटरों को एसएमएस से पीवीसी की जानकारी मिलती है, और केंद्र रिटर्निंग अधिकारी के मुख्यालय पर लगाए जाते हैं। यहां राजनीतिक दलों के पोलिंग एजेंटों की मौजूदगी में वोटिंग होती है। पुलिस ने जोर देकर कहा कि पीबी को पीवीसी से बाहर ले जाना या किसी अधिकारी द्वारा इकट्ठा करना असंभव है, जिससे लोकतांत्रिक प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित होती है।

## पश्चिम बंगाल में सुब्रत गुप्ता बने चुनाव पर्यवेक्षक

**कोलकाता, समाज्ञा**

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की घोषणा से पहले निर्वाचन आयोग ने प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में आयोग ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी सुब्रत गुप्ता को राज्य का चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। सूत्रों के अनुसार आयोग ने उन्हें पश्चिम बंगाल में चुनावी प्रक्रिया की निगरानी की जिम्मेदारी सौंपी है।

इससे पहले निर्वाचन आयोग ने एक सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी को विशेष पर्यवेक्षक के रूप में नियुक्त किया था। अब सुब्रत गुप्ता को चुनाव पर्यवेक्षक बनाए जाने के बाद राज्य में दो पर्यवेक्षक तैनात हो गए हैं।

गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया शुरू होने के समय ही आयोग ने सुब्रत गुप्ता को एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी थी। उस समय उन्हें विशेष मतदाता सूची पर्यवेक्षक के पद पर नियुक्त किया गया था।

अब आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए निर्वाचन आयोग ने उन्हें राज्य के चुनाव पर्यवेक्षक के रूप में नई जिम्मेदारी सौंप दी है। माना जा रहा है कि चुनावी प्रक्रिया की निगरानी और तैयारियों की समीक्षा में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

राजनीतिक हलकों में आयोग के इस फैसले को आगामी चुनाव से पहले प्रशासनिक तैयारियों को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

## दक्षिणेश्वर मंदिर के बाहर मुख्य निर्वाचन आयुक्त को करना पड़ा विरोध प्रदर्शन का सामना

### ज्ञानेश कुमार ने बेलूर मठ का भी किया दौरा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के पास मंगलवार की सुबह दक्षिणेश्वर काली मंदिर में पूजा-अर्चना करने पहुंचे मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ लोगों के एक समूह ने 'वापस जाओ' के नारे लगाए और काले झंडे दिखाकर विरोध प्रदर्शन किया। बता दें कि इससे पहले, ज्ञानेश कुमार के रविवार की रात कोलकाता पहुंचने पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बाहर भी इसी तरह का विरोध प्रदर्शन किया गया था। इसके बाद, सोमवार की सुबह जब वह कालीघाट मंदिर गए, तब भी उन्हें इसी तरह के विरोध का सामना करना पड़ा। लोगों ने उन्हें काले झंडे दिखाए और 'वापस जाओ' के नारे



लगाए। इस दिन, सुबह में ज्ञानेश कुमार ने हावड़ा जिले के बेलूर मठ का भी दौरा किया और कहा कि निवार्चन आयोग राज्य में हिंसा मुक्त चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है। बेलूर मठ के दौरे के दौरान कुमार ने संवाददाताओं से कहा कि निर्वाचन आयोग यह सुनिश्चित करना चाहेगा कि चुनाव हिंसा मुक्त और भय मुक्त हों।

## बंगाल में शांतिपूर्ण चुनाव मुमकिन नहीं : अरूप रॉय

**हावड़ा :** पश्चिम बंगाल के मंत्री अरूप रॉय ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में राज्य में निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव होने पर सवाल उठाते हुए कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में ऐसा संभव नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि मतदाता सूची में कई असली वोटरों के नाम छूट गए हैं, कुछ के नाम काट दिए गए हैं और कुछ को मृत घोषित कर दिया गया है। हावड़ा सदर तृणमूल कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंत्री अरूप रॉय ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के हालिया बयान पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बेलूर मठ जैसी पवित्र जगह से चुनाव आयोग द्वारा डर-मुक्त और हिंसा-मुक्त चुनाव कराने की बात कही गई, लेकिन जब बड़ी संख्या



में वास्तविक मतदाताओं के नाम सूची से गायब हैं, तो निष्पक्ष चुनाव कैसे संभव होगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में हावड़ा सदर तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष गौतम चौधरी और युवा अध्यक्ष कैलाश मिश्रा भी मौजूद थे। अरूप रॉय ने आरोप लगाया कि लोगों के मतदान अधिकार छीनकर शांतिपूर्ण चुनाव नहीं कराए जा सकते और चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है।

## आनंदपुर में बेकरी में आग लगने से मची अफरा-तफरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण कोलकाता के आनंदपुर थाना इलाके में एक प्रसिद्ध केक निर्माण कंपनी की बेकरी में आग लग गई। हालांकि, इस घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। घटना की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार, केक निर्माण कंपनी की फैक्ट्री ईएम बाईपास पर स्थित है। यह घटना सोमवार की रात फैक्ट्री में काम चलने के दौरान हुई। आग लगते ही कर्मचारी भय के कारण तुरंत फैक्ट्री से बाहर निकल गए। पुलिस और फायर ब्रिगेड को तुरंत सूचना दी गई। आग फैक्ट्री में तेजी से फैल गई। पुलिस और फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचे और क्षेत्र को सील कर दिया। आग बुझाने के लिए तीन इंजन मौके पर भेजे गए। कुछ समय बाद फैक्ट्री में लगी आग पर काबू पा लिया गया। शुरुआती अंदेशा है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी हो सकती है। पुलिस और फायर ब्रिगेड के अधिकारी अब इस घटना की जांच कर रहे हैं और यह भी देख रहे हैं कि फैक्ट्री के सभी दस्तावेज़ सही हैं या नहीं।

## इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइंसेज कोलकाता (आई-एनके) और मेडट्रॉनिक के बीच महत्वपूर्ण साझेदारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी कंपनी मेडट्रॉनिक और इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइंसेज कोलकाता (आई-एनके) ने पार्किंसन और अन्य मूवमेंट डिसऑर्डर के इलाज को बेहतर बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदारी की घोषणा की है। इस पहल का उद्देश्य एडवांस्ड न्यूरोमॉड्यूलेशन थेरेपी के माध्यम से डॉक्टरों के कौशल को बढ़ाना, नई तकनीकों पर प्रशिक्षण देना और मरीजों में जागरूकता बढ़ाना है। विशेषज्ञों के अनुसार पूर्वी भारत, खासकर कोलकाता में हर एक लाख लोगों में लगभग 45.82 लोग पार्किंसन रोग से प्रभावित हैं। इस बीमारी के कारण मरीजों के चलने-फिरने और दैनिक जीवन की गुणवत्ता पर गहरा असर पड़ता है। इस साझेदारी के तहत डीप ब्रेन स्टिमुलेशन




(डीबीएस), स्पाइनल कॉर्ड स्टिमुलेशन और टारगेटेड ड्रग डिलीवरी जैसी आधुनिक थेरेपी को बढ़ावा दिया जाएगा। मंदीप सिंह कुमार, मैनेजिंग डायरेक्टर, मेडट्रॉनिक इंडिया ने कहा कि यह पहल पश्चिम बंगाल में क्लिनिकल क्षमताओं को मजबूत करेगी। वहीं, डॉ. हृषिकेश कुमार, कोलकाता के इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूरोसाइंसेज के वाइस चेयरमैन, न्यूरोलॉजी विभाग के प्रमुख और मूवमेंट डिसऑर्डर प्रोग्राम के डायरेक्टर ने कहा कि इस सहयोग से न्यूरोमॉड्यूलेशन उपचार के बारे में डॉक्टरों और मरीजों दोनों में जागरूकता बढ़ेगी।

## गोबरडांगा स्टेशन के पास बाजार में लगी भयावह आग, गैस सिलेंडर फटने की आशंका

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिले के गोबरडांगा रेलवे स्टेशन के पास स्थित बाजार में मंगलवार की सुबह भीषण आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या एक के पास स्थित एक होटल में आग लगने के बाद यह तेजी से आसपास की दुकानों तक फैल गई। बताया जा रहा है कि होटल में रखे गैस सिलेंडरों में विस्फोट होने के कारण आग ने कुछ ही समय में विकराल रूप धारण कर लिया। बाजार का इलाका घनी आबादी वाला होने के कारण आग फैलने से आसपास के दुकानदारों और स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का कार्य शुरू किया। दमकल के पहुंचने से पहले स्थानीय लोग भी आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गए थे। आग लगने की खबर फैलते ही आसपास के दुकानदार अपनी दुकानों को बचाने के लिए भागदौड़ करने लगे। कई लोगों ने तुरंत अपनी दुकानें बंद कर सुरक्षित स्थानों की ओर रुख किया। स्टेशन के पास घटना होने के कारण प्लेटफॉर्म पर मौजूद यात्रियों में भी कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया और काले धुएं से प्लेटफॉर्म का हिस्सा ढक गया। दमकल विभाग के सूत्रों के अनुसार, आग लगने के सही कारण और नुकसान की मात्रा का आकलन आग पूरी तरह बुझने के बाद किया जाएगा। रेलवे सूत्रों ने बताया कि धुएं के कारण प्लेटफॉर्म पर कुछ समय के लिए असुविधा हुई, लेकिन रेल यातायात पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

## चयनित शिक्षकों का सत्यापन और काउंसलिंग 23 मार्च से होगी शुरू : आयोग

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल केंद्रीय स्कूल सेवा आयोग ने राज्य भर के सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में सहायक शिक्षकों की भर्ती के लिए हुई द्वितीय राज्य स्तरीय चयन परीक्षा (2025) के तहत चयनित उम्मीदवारों के दस्तावेज सत्यापन और साक्षात्कार के अगले चरण की घोषणा है की। आयोग के एक अधिकारी के अनुसार, कक्षा 9-10 और 11-12 की कक्षाएं लेने के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के दस्तावेज सत्यापन और साक्षात्कार की प्रक्रिया 23 मार्च से 23 मई के बीच आयोजित की जाएगी। अधिकारी ने बताया कि यह कदम राज्य सरकार द्वारा कई स्कूलों में शिक्षकों की कमी को देखते हुए नियुक्तियों को तेज करने के प्रयास के तहत उठाया गया है। इस भर्ती अभियान के माध्यम से माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक स्तर पर 35,000 से अधिक सहायक शिक्षक के पद भरे जाने की उम्मीद है।

**पूर्व रेलवे**

सीनि. डीईएन/2, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं : सीनि. डीईएन/2/हावड़ा। 298 _2025-26, दिनांक 09.03.2026, कार्य का विवरण: एईएन/बीडब्ल्यूएन के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/बीडब्ल्यूएन के अनुभाग में फेज-2 के लिए बीडब्ल्यूएन रेलवे कॉलोनी में स्टॉफ क्वार्टर के बाहरी नवीनीकरण द्वारा सुधार तथा एईएन/बीडब्ल्यूएन के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/बीडब्ल्यूएन के अनुभाग में फेज-2 के लिए बीडब्ल्यूएन रेलवे कॉलोनी में स्टाफ क्वार्टर की रिसने वाली छत का सुधार कार्य। अनुमानित लागत: रु. 3,56,99,555.51; बयाना राशि: रु. 3,28,500। समापन अवधि: 12 महीने। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 31.03.2026 को 14.00 बजे। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। (HWH-681/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट ww.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## दासपुर में युवक का फंदे से लटकता शव बरामद

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के दासपुर थाना क्षेत्र में एक युवक का शव घर के अंदर फंदे से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फ़ैल गई। मृतक की पहचान आशीष कुमार जाना (28) के रूप में की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, दासपुर थाना अंतर्गत लक्ष्मणचक इलाके में मंगलवार को आशीष का शव उसके घर के कमरे में फंदे से लटकता हुआ पाया गया। घटना की जानकारी पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि आशीष अविवाहित था और अपने पिता के साथ दूसरे राज्य में काम करता था। वह कुछ दिन पहले ही घर लौटा था। मंगलवार सुबह उसने सामान्य रूप से नाश्ता किया था, लेकिन कुछ ही देर बाद वह कमरे में मृत पाया गया।

## स्थायी रोजगार की मांग पर सिविल डिफेंस कर्मचारियों का नवान्न अभियान

❑ **प्रदर्शनकारियों का पुलिस के साथ झड़प, 64 गिरफ्तार**

❑ **बाद में सभी प्रदर्शनकारियों को किया गया रिहा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** नागरिक सुरक्षा और आपदा प्रतिक्रिया बल के अस्थायी कर्मचारियों ने मंगलवार को राज्य सचिवालय नवान्न अभियान किया। स्थायी रोजगार की मांग को लेकर उनके इस अभियान के दौरान स्थिति उस समय तनावपूर्ण हो गई है, जब पुलिस ने इन्हें रोक दिया। प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प हो गई। पुलिस ने 64 अस्थायी कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि नागरिक सुरक्षा और आपदा राहत बल के कर्मचारी पिछले साल के अंत से ही प्रति माह 26 दिन काम और 60 वर्ष की आयु



तक रोजगार सुनिश्चित करने की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने मंगलवार को फिर से राज्य सचिवालय आह्वान किया था। इस दिन, दोपहर 12 बजे वे हावड़ा मेट्रो स्टेशन के सामने जमा हुए। वहां से प्रदर्शनकारी नवान्न की ओर मार्च कर रहे थे।

पुलिस ने ग्रैंड फोरशोर रोड पर जुलूस को रोक दिया। पहले से ही लोहे की बैरिकेडिंग लगा दी गई थी। प्रदर्शनकारी नवान्न में मुख्यमंत्री से मिलना चाहते थे। इसके बाद, प्रदर्शनकारियों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। बाद में, प्रदर्शनकारियों ने जब धर्मतला में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के धरने पर उनसे मिलने की घोषणा की, तो पुलिस ने वहां भी बैरिकेड लगा दिए। जब उन्होंने बैरिकेड पार करने की कोशिश की, तो उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कुल 64 अस्थायी कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि, बाद में, उन्हें रिहा कर दिया गया।

## आज चुनाव को लेकर भाजपा की दिल्ली में बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा एक्शन मोड में काम कर रही है। इसी कड़ी में, दिल्ली में आज भाजपा कोर ग्रुप की बैठक होगी। ये बैठक दोपहर 3 बजे होगी, जिसमें भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और प्रदेश भाजपा के कोर ग्रुप के नेता भी मौजूद रहेंगे। बैठक में विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों के नाम पर मंथन होगा।

**भारतीय प्रबंध संस्थान कलकत्ता**

नीचे उल्लिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्रम संख्या | पद | पदों की संख्या | वेतन मैट्रिक्स में स्तर/ समेकित परिलब्धियाँ |
|---|---|---|---|
| 1 | सीधी नियुक्ति के माध्यम से नियमित वेतनमान पर मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (अनारक्षित श्रेणी के अंतर्गत) | 01 (एक) | सातवें वेतन आयोग के अंतर्गत वेतन मैट्रिक्स के स्तर-13A (रु.131100-216600) (छठे वेतन आयोग के अंतर्गत पूर्व-संशोधित पी.बी.-4: जी.पी.-8900) के साथ संस्थान के नियमों के अनुसार अन्य स्वीकार्य भत्ते और लाभ। |
| 2 | सीधी नियुक्ति के माध्यम से नियमित वेतनमान पर कार्यपालक अभियंता (अनारक्षित श्रेणी के अंतर्गत) | 01 (एक) | सातवें वेतन आयोग के अंतर्गत वेतन मैट्रिक्स के स्तर-11 (रु.67700-208700)(छठे वेतन आयोग के अंतर्गत पूर्व-संशोधित पी.बी.-3: जी.पी. -6600) के साथ संस्थान के नियमों के अनुसार अन्य स्वीकार्य भत्ते और लाभ के साथ। |
| 3 | संस्थान के वेतन अभिलेख पर संविदा के आधार पर नियुक्त सुरक्षा अधिकारी | 01 (एक) | प्रारंभिक समेकित परिलब्धियां संस्थान के नियमों के अनुसार अन्य स्वीकार्य भत्ते और लाभ के साथ प्रति माह 75,000/- रुपये (परक्राम्य) होंगी। |

आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 9 अप्रैल, 2026 है। इच्छुक उम्मीदवार आवश्यक विवरण के लिए आई.आई.एम.सी. की वेबसाइट www.iimcal.ac.in पर जा सकते हैं। उम्मीदवार विस्तृत जानकारी के लिए नौकरी डॉट कॉम, टाइम्सजॉब्स डॉट कॉम, एन.सी.एस. पोर्टल, एम.एच.आर.डी. पोर्टल (केवल क्रम संख्या 1 के लिए) तथा संस्थान के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, एक्स, लिंक्डइन एवं इंस्टाग्राम पर भी विज़िट कर सकते हैं।



एसआईआर के खिलाफ धरने पर बैठीं मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के समर्थन में तृणमल विधायक मदन मित्रा के साथ दारा सिंह एवं रतन बनिक।

## सियालदह में पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक ने आयुष क्लिनिक का किया उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर ने मंगलवार को सियालदह स्थित डीआरएम कार्यालय परिसर में आयुष क्लिनिक का उद्घाटन किया। यह क्लिनिक यात्रियों और कर्मचारियों को आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शुरू किया गया है। क्लिनिक में अनुभवी डॉक्टरों और पैरामेडिकल कर्मियों की तैनाती की गई है। होम्योपैथिक क्लिनिक बुधवार और शुक्रवार को, जबकि आयुर्वेदिक क्लिनिक सोमवार को उपचार के लिए खुला रहेगा। इस अवसर पर महाप्रबंधक ने सियालदह के सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी दौरा किया और सुरक्षा निगरानी प्रणाली की समीक्षा की। इसके बाद, सियालदह मंडल द्वारा आयोजित




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह की शुरुआत के लिए मिलिंद देउस्कर ने पारंपरिक दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में अतिरिक्त महाप्रबंधक शीलेंद्र प्रताप सिंह, सियालदह मंडल के डीआरएम राजीव सक्सेना और ईआरडब्ल्यूडब्ल्यूओ की अध्यक्ष सीमा देउस्कर भी उपस्थित थीं। समारोह के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कर्मचारियों के एक चयनित समूह को सम्मानित भी किया गया।

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
230, C. R. Ave, 3rd Floor, Kolkata-700 006, Contact : 7044444522, 7044444527

### उत्तर प्रदेश में संपत्ति की रजिस्ट्री से पहले खतौनी और स्वामित्व दस्तावेजों की जांच अनिवार्य होगी

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश में संपत्ति की रजिस्ट्री प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। एक आधिकारिक जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में फैसला लिया गया कि रजिस्ट्री से पहले खतौनी और स्वामित्व से जुड़े दस्तावेजों की जांच अनिवार्य की जाएगी ताकि फर्जी और विवादित जमीन की रजिस्ट्री को रोका जा सके। स्टाम्प एवं पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने बताया कि कई मामलों में यह देखा गया है कि संपत्ति के वास्तविक स्वामी के अलावा अन्य व्यक्ति संपत्ति को बेच देता है। उन्होंने कहा कि इन समस्याओं को देखते हुए उत्तर प्रदेश में रजिस्ट्रेशन अधिनियम एवं नियमावली में संशोधन करने का निर्णय लिया गया है। मंत्री ने बताया कि इस व्यवस्था के लागू होने से फर्जी और विवादित संपत्तियों की रजिस्ट्री पर प्रभावी रोक लगेगी और आम लोगों को अदालतों में अनावश्यक परेशानियों से राहत मिलेगी।

### अयोध्या में बनेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, भूमि हस्तांतरण प्रस्ताव को मंत्रिमंडल की मंजूरी

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश सरकार ने मंगलवार को अयोध्या में ''स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स'' के निर्माण के लिए भूमि हस्तांतरण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एक आधिकारिक जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में अयोध्या जिले में 'स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स' के निर्माण के लिए भूमि हस्तांतरण के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी गई है। यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के तहत बनाया जाएगा। प्रस्ताव के अनुसार अयोध्या में लगभग 2500 वर्ग मीटर क्षेत्रफल को अयोध्या नगर निगम के पक्ष में अंतरित किया जाएगा। अयोध्या के जिलाधिकारी द्वारा नगर आयुक्त के अनुरोध पर यह प्रस्ताव सरकार को भेजा गया था। कैबिनेट के निर्णय के अनुसार यह भूमि कुछ शर्तों के तहत अयोध्या नगर निगम को निःशुल्क आवंटित की जाएगी।

# बिहार: मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के दौरान 872 करोड़ रुपये की योजनाओं की शुरुआत की



**सुपौल/मधेपुरा:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को अपनी 'समृद्धि यात्रा' के दौरान सुपौल और मधेपुरा जिलों में लगभग 872 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं और योजनाओं की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने इन जिलों में जारी विभिन्न योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा भी की। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने सुपौल जिले में 570 करोड़ रुपये की 213 योजनाओं व परियोजनाओं की शुरुआत की। बयान के मुताबिक इनमें 135 करोड़ रुपये की लागत वाली 129 योजनाओं का उद्घाटन तथा 335 करोड़ रुपये की लागत वाली 84 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने मधेपुरा जिले में 302 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं व योजनाओं की शुरुआत की। बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने मधेपुरा में 216 करोड़ रुपये की 158 योजनाओं का उद्घाटन और 86 करोड़ रुपये की 137 योजनाओं का शिलान्यास किया।

### नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में ही काम करती रहेगी बिहार की नयी सरकार: उपमुख्यमंत्री

पटना: बिहार के उपमुख्यमंत्री तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी और जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के नेता व मंत्री विजय कुमार चौधरी ने मंगलवार को कहा कि राज्य में बनने वाली नयी सरकार मौजूदा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में ही काम करती रहेगी। जदयू के प्रमुख नीतीश कुमार ने राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। सम्राट और विजय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ सुपौल और मधेपुरा जिलों में आयोजित 'समृद्धि यात्रा' के कार्यक्रमों में शामिल होने गए थे। यह यात्रा जनवरी में शुरू की गई थी और विधानसभा सत्र के कारण एक महीने के अंतराल के बाद फिर से शुरू हुई है। सम्राट चौधरी ने कहा नीतीश कुमार दिल्ली जाकर भी अपने मार्गदर्शन से बिहार के विकास को गति देते रहेंगे, राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार में सुशासन की नीतियां जारी रहेंगी।

### विपक्ष ने झारखंड सरकार पर विधानसभा में नौकरशाही के 'प्रभुत्व' का आरोप लगाया

**रांची:** झारखंड विधानसभा में मंगलवार को सत्तापक्ष एवं विपक्ष के बीच कानून-व्यवस्था की 'बदतर होती' स्थिति, नौकरशाही का 'प्रभुत्व' और प्रदेश में कथित तौर पर व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर तीखी बहस हुई। इसी दौरान आजसू के विधायक निर्मल महतो को सदन में हंगामा करने के कारण बाहर निकाल दिया गया। प्रश्नकाल के दौरान विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने गिरिडीह एवं पाकुड़ जिलों में कानून-व्यवस्था के उल्लंघन की घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार अब 'बबुआ' बन गई है, जिसने कभी खुद को 'अबुआ सरकार' (हमारी सरकार) कहा था। 'बबुआ' सरकार से मरांडी का आशय था कि राज्य सरकार अब 'बाबुओं' (विभागों के नौकरशाह और कार्यालय प्रमुखों) द्वारा चलाई जा रही है।

## न्यूज अपडेट

### राज्यसभा चुनाव में हमारा उम्मीदवार जीतेगा: तेजस्वी यादव



**पटना:** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने मंगलवार को राजद के नेतृत्व वाले महागठबंधन के विधायकों के साथ बैठक के बाद दावा किया कि आगामी राज्यसभा चुनाव में उनकी पार्टी के एकमात्र उम्मीदवार को पर्याप्त विधायकों का समर्थन मिलेगा और वह चुनाव जीतेंगे। जीत के लिए जरूरी संख्याबल के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने मुस्कुराते हुए जवाब दिया कि संख्या बल है तभी तो चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि यादव ने इस मुद्दे पर विस्तार से कुछ नहीं कहा, लेकिन महागठबंधन के नेताओं का दावा है कि उनके पास कुल 35 विधायक हैं, जो राज्यसभा की एक सीट जीतने के लिए आवश्यक संख्या से छह कम है। महागठबंधन के नेताओं का कहना है कि हैदराबाद से सांसद ओवैसी की पार्टी ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के पांच विधायक और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के एकमात्र विधायक 'धर्मनिरपेक्षता के हित' में विपक्षी उम्मीदवार का समर्थन करेंगे।

### कॉलेज की जमीन पर सड़क या फ्लाईओवर का निर्माण नहीं होगा: लखनऊ विकास प्राधिकरण

**लखनऊ:** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ को मंगलवार को भरोसा दिलाया कि 'ला-मार्टिनियर कॉलेज' की जमीन पर सड़क या फ्लाईओवर का निर्माण कार्य नहीं होगा। प्राधिकरण ने लखनऊ पीठ को यह भी बताया कि इस मुद्दे पर बुधवार को 'ला-मार्टिनियर चैरिटी के न्यासियों की बैठक होनी है, जिसके बाद मामले की अगली सुनवाई 13 मार्च के लिए निर्धारित कर दी गयी। न्यायमूर्ति आलोक माथुर और न्यायमूर्ति अमिताभ कुमार राय की खंडपीठ ने कॉलेज की एक याचिका पर यह आदेश दिया। याचिका में कहा गया था कि कोठी मार्टिन साहब, गणेशगंज स्टेशन में कॉलेज की जमीनें हैं, जहां से 'ग्रीन कॉरीडोर प्रोजेक्ट' के तहत सड़क व फ्लाई ओवर का निर्माण किए जाने की सरकार की योजना है। याचिका के मुताबिक, उक्त निर्माण संस्थान की मालिकाना हक वाली जमीनों पर किया जा रहा है जबकि प्राधिकरण, जिला प्रशासन और राज्य सरकार ने इसके लिए न तो संस्थान की सहमति प्राप्त की और न ही कोई अधिग्रहण प्रक्रिया शुरू की। पीठ ने 27 फरवरी को याचिका पर सुनवाई करते हुए प्रश्नगत जमीनों के पैमाइश का आदेश दिया था।

### प्रदेश के हर व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण इलाज सरकार की प्राथमिकता: ब्रजेश पाठक

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मंगलवार को कहा कि राज्य की स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक गुणवत्तापूर्ण बनाए जाने के लिए कदम उठाए गए हैं और हर व्यक्ति को इलाज प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज के दो अस्पतालों और सैन्य अस्पताल के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गये है, जिसके माध्यम से लोगों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी। पाठक ने कहा कि प्रयागराज के साथ ही प्रदेश के अन्य जिलों में भी इस तरह के एमओयू हस्तांतरित किए जाएंगे और प्रदेश के हर व्यक्ति को गुणवत्तापूर्ण इलाज सरकार की प्राथमिकता है।

### राजस्थान: दो से अधिक संतान वाले व्यक्ति लड़ सकेंगे नगर निकाय चुनाव, विधेयक को मिली मंजूरी

**जयपुर :** राजस्थान विधानसभा में मंगलवार को राजस्थान नगरपालिका (संशोधन) विधेयक-2026 को ध्वनिमत से पारित कर दिया गया, जिसके कानून बनने पर राज्य में दो से अधिक संतान वाले व्यक्ति भी नगर निकाय चुनाव लड़ सकेंगे। इससे पहले संशोधन विधेयक पर चर्चा का जवाब देते हुए नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि दो से अधिक संतान वाले व्यक्ति अब नगर निकायों के चुनावों में भाग ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि अनियंत्रित जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिए दो से अधिक संतान वाले व्यक्तिओं को नगर निकाय चुनाव में भाग लेने से प्रतिबंधित करने का निर्णय पहले लिया गया था। उन्होंने कहा कि आमजन में बढ़ी सजगता के कारण बदले परिदृश्य में यह नियम अब अप्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक भावना के अनुरूप इसे संशोधित करने का निर्णय लिया गया है और इससे अनुभवी लोगों को नगर निकायों जरिये लोकतांत्रिक रूप से चुने जाने का अधिकार मिल सकेगा।

### राहुल गांधी हरियाणा के सोनीपत में किसान की बेटी के विवाह समारोह में शामिल हुए



**चंडीगढ़:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी मंगलवार को हरियाणा के सोनीपत जिले के मदीना गांव में एक किसान की बेटी के विवाह समारोह में शामिल हुए। कांग्रेस के अनुसार, गांधी की मुलाकात किसान संजय से पहली बार 2023 में मदीना गांव में अचानक की गई यात्रा के दौरान हुई थी और उन्होंने उनके साथ खेतों में काम करते हुए किसान परिवारों के समक्ष आने वाली कठिनाइयों के बारे में जाना था। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सुबह गांव पहुंचे, जहां कांग्रेस के रोहतक से सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा और पार्टी के अन्य नेताओं ने उनका स्वागत किया। सफेद टी-शर्ट और हरी पतलून पहने गांधी ने पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लिया और परिवार के सदस्यों और ग्रामीणों से बातचीत की। परिवार ने सम्मान स्वरूप उन्हें पगड़ी बांधी। कांग्रेस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'विपक्ष के नेता राहुल गांधी सोनीपत में किसान संजय मलिक की बेटी के विवाह समारोह में शामिल हुए।'

### एटीएस ने नौसेनाकर्मी को आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश पुलिस के आतंकवाद रोधी दस्ते (एटीएस) ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में नौसेना के एक लांस नायक को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मंगलवार को एक बयान में यह जानकारी दी। एटीएस ने बताया कि खुफिया जानकारी मिली थी कि एक व्यक्ति आईएसआई एजेंट के संपर्क में था और भारत से संबंधित संवेदनशील जानकारी उसे दे रहा था। बयान के अनुसार, इलेक्ट्रॉनिक और निगरानी के आधार पर की गई जांच में संदिग्ध की पहचान आगरा निवासी आदर्श कुमार उर्फ लकी (24) के रूप में हुई, जो केरल के कोच्चि में दक्षिणी नौसेना कमान में लांस नायक के पद पर तैनात था। एटीएस के अनुसार, जांच में पता चला कि आरोपी ने आईएसआई एजेंट से संपर्क स्थापित किया और अपने बैंक खाते से एजेंट को रुपये भेजे थे। एटीएस ने बताया कि आरोपी ने युद्धपोतों सहित रणनीतिक रूप से संवेदनशील नौसैनिक संपत्तियों की तस्वीरें साझा कीं। जांच एजेंसी के मुताबिक, मामले की जांच के दौरान इन तथ्यों की पुष्टि होने के बाद सोमवार को आदर्श कुमार को राष्ट्रविरोधी गतिविधियों और पाकिस्तानी खुफिया नेटवर्क से आपराधिक संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया। एटीएस ने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# त्यौहारों पर समाज विरोधी गतिविधियों व नई परंपरा की अनुमति नहीं: मुख्यमंत्री योगी



लखनऊ, 10 मार्च (भाषा) उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को चेतावनी दी कि त्यौहारों पर कानून-व्यवस्था का सख्ती से पालन किया जाए और किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू करने की अनुमति न दी जाए। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री योगी ने आगामी त्यौहारों, उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा और अन्य महत्वपूर्ण आयोजनों के दृष्टिगत कानून-व्यवस्था एवं प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सतर्कता और समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि 13 मार्च को अलविदा की नमाज, 14-15 मार्च को उपनिरीक्षक एवं समकक्ष पदों की लिखित परीक्षा, 19 मार्च से चैत्र नवरात्र और 20-21 मार्च को ईद-उल-फितर मनाए जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि ऐसे में यह अवधि कानून-व्यवस्था की दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है और सभी अधिकारी पूरी सतर्कता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा यह सुनिश्चित करें कि सभी कार्यक्रम शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हों। योगी ने निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की नई परंपरा शुरू करने की अनुमति न दी जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी धार्मिक कार्यक्रम के कारण आमजन को असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि समाज-विरोधी अथवा राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों के प्रति किसी प्रकार की कोई नरमी नहीं बरतने की नीति अपनाई जाए। बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने भर्ती परीक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि 14 और 15 मार्च को प्रदेश के 1090 परीक्षा केंद्रों पर चार पालियों में परीक्षा आयोजित होगी, जिसमें 15 लाख 75 हजार से अधिक अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों के अन्य जिलों से आने की संभावना को देखते हुए प्रभावी यातायात प्रबंधन सुनिश्चित किया जाए ताकि कहीं भी जाम या अव्यवस्था की स्थिति न बने। मुख्यमंत्री ने हालिया वैश्विक परिस्थितियों के परिप्रेक्ष्य में पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता की समीक्षा भी की।

# 'चिरंजीवी योजना' में बदलाव से गरीब मरीज भटकने को मजबूर: अशोक गहलोत

**जयपुर:** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को कहा कि उनके कार्यकाल की 'चिरंजीवी योजना' में किए गए बदलाव के कारण बजट की कमी और कुप्रबंधन पैदा हो गया है, जिससे गरीब मरीज दर-दर भटकने को मजबूर हैं। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार को चिकित्सा सुविधाओं के प्रति गंभीरता दिखाते हुए नयी बीमा योजना में अविलंब सुधार करना चाहिए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके। गहलोत ने जोधपुर में आयुष्मान आरोग्य योजना के कारण अस्पतालों में मरीजों को हो रही परेशानी संबंधी एक समाचार का उल्लेख करते हुए कहा, जोधपुर के अस्पतालों की यह स्थिति चिंताजनक है। हमारी सरकार की 'चिरंजीवी योजना' का उद्देश्य हर राजस्थानी को इलाज की निश्चिंतता देना था, लेकिन इस योजना में किए गए बदलाव के कारण बजट की कमी और कुप्रबंधन से गरीब मरीज दर-दर भटकने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री जी विधानसभा में जोधपुर के अस्पतालों की बिगड़ती स्थिति के बारे में मेरे द्वारा लिखे गए पत्र का जिक्र राजनीति के लिए करते हैं, लेकिन समस्याओं के समाधान में उनकी रुचि नहीं दिखाई देती। उनकी सरकार न तो जोधपुर के नए अस्पतालों- दिगाड़ी, प्रतापनगर, चैनपुरा और मगरा पूंजला का निर्माण पूरा होने के बावजूद उन्हें शुरू करवा पा रही है और न ही पुराने अस्पतालों का रखरखाव और संचालन ठीक से कर पा रही है।

समीक्षा मनोरंजन





नरेंद्र देवांगन

# प्रभावशाली उत्तर

गोंदावन राज्य का मुख्यमंत्री बाघ बहुत ही न्यायप्रिय और दयालु था। उसकी सभी नीतियां सब जानवरों की सलाह से बनाई जाती थीं और वे सब को माननी पड़ती थीं। गलती करने पर कड़ी सजा भी मिलती थी। चाहे गैंडा हो या चींटी, वहां सबको एक समान ही समझा जाता था। न्याय के मामले में कोई भेदभाव नहीं होता। यही कारण था कि मंत्री और पुलिस वाले भी किसी छोटे जानवर पर अत्याचार करने की हिम्मत नहीं करते थे।

मुख्य मंत्री बाघ की व्यवस्था अच्छी होने के कारण ही गोंदावन राज्य में किसी प्रकार की कमी नहीं थी। खेतीबाड़ी अच्छी होती थी। खानेपीने के लिए किसी चीज की कमी नहीं थी। सब जानवर मन लगा कर मेहनत करते और अपने जंगल में हमेशा सुख शांति बनाए रखने का प्रयास करते। किसी डर या कानूनी भय के कारण ही वहां के जानवर आपस में मेलजोल नहीं रखते थे बल्कि वे वास्तव में एक दूसरे की सहायता करने के लिए सदा तत्पर रहते।

जो जानवर बूढ़े हो जाते या किसी काम करने में असमर्थ हो जाते, उन्हें 'मुख्यमंत्री सहायता कोष' से खाने पीने का सामान मुफ्त मिल जाता। इस तरह गोंदावन राज्य में सभी जानवर हंसी खुशी अपना जीवन बिताते थे।

गोंदावन राज्य के जानवरों की अच्छी जीवनशैली के कारण ही आसपड़ोस के राज्यों के जंगली जानवर वहां आकर रहना पसंद करते थे लेकिन मुख्यमंत्री बाघ अपनी व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने के लिए किसी नए जानवर को जंगल में रहने की अनुमति देने से पहले उसकी परीक्षा लेते और अच्छी तरह जांच पड़ताल करते। जो परीक्षा में खरा उतरते, उसे ही गोंदावन राज्य में रहने की आज्ञा मिलती थी। यदि कोई चोरी छिपे आ कर रहता तो उसे कड़ा दंड मिलता।



गोंदावन राज्य में प्रवेश पाने की परीक्षा साधारण नहीं होती थी, न ही इसका कोई पक्का स्वरूप होता था। मुख्य मंत्री बाघ हर नए जानवर से नए नए प्रश्न पूछा करते। इसलिए ऐरे गैरे की तो हिम्मत ही नहीं पड़ती थी कि वहां आ कर रहने के लिए आवेदन पत्र भेजे।

एक बार पड़ोसी राज्य के जंगल से एक भालू, एक भेड़ और एक चूहा तीनों ने गोंदावन राज्य में रहने के लिए बायोडाटा के साथ आवेदन पत्र भेजा।

मुख्य मंत्री बाघ ने निश्चित समय पर उन्हें विधानसभा में परीक्षा के लिए बुलाया। सदा की भांति विधानसभा में बहुत सारे जानवर मौजूद थे। सब यह जानने को उत्सुक थे कि इस बार मुख्य मंत्री बाघ क्या प्रश्न पूछता है।

'अब मुख्य मंत्री महोदय एक प्रश्न पूछेंगे। तुम तीनों को उसका उत्तर देना है। जिस का उत्तर सबसे अधिक उपयुक्त और प्रभावशाली होगा, उसे ही गोंदावन राज्य में रहने की आज्ञा दी जाएगी,' रक्षा मंत्री चीते ने रिवाज के मुताबिक घोषणा की।

इसके बाद मुख्यमंत्री बाघ ने प्रश्न किया, 'यदि तुम्हें यह मालूम हो जाए कि 5 साल बाद इस जंगल में अकाल पड़ने वाला है तो तुम क्या करोगे?'

प्रश्न सुनते ही भेड़ ने उत्तर दिया, 'सर, 5 साल बाद होने वाली बात पर विचार करना व्यर्थ है। जब अकाल पड़ेगा, तब कोई न कोई रास्ता खोज निकालेंगे।

इस पर भालू ने कहा, 'और उस समय भी सोचना क्या है, सर, यदि यहां अकाल पड़ा तो हम किसी दूसरे राज्य के जंगल में जा कर रहने लग जाएंगे।'

'नहीं, मुख्यमंत्री जी, हमें आने वाले कल के लिए अभी से कुछ सोचना चाहिए। आज रोटी चाहिए तो आज ही बीज डाल कर अन्न नहीं पैदा किया जा सकता और न ही डर कर भाग जाने से काम चलता है। मेरी राय में तो अभी से हमें जंगल में एक नहर बनाने का काम शुरू कर देना चाहिए। साथ ही बड़े बड़े तालाब भी खोदने चाहिएं। इन से आड़े वक्त पर पानी लिया जा सकेगा,' चूहे ने उत्तर दिया।

चूहे का उत्तर सुन कर वहां उपस्थित सभी जानवर आश्चर्यचकित रह गए। सबके चेहरे देख कर ही पता चलता था कि चूहे का उत्तर सबसे अधिक उपयुक्त और कारगर था।

मुख्य मंत्री बाघ ने कुछ देर के मौन के बाद कहा, 'मुझे खुशी है कि इतना छोटा होने पर भी चूहे ने अपनी बुद्धिमत्ता का प्रमाण दिया है। इस से यह भी सिद्ध होता है कि चूहे के मन में मेहनत के प्रति आस्था है। गोंदावन राज्य में केवल ऐसे ही जानवरों को रहने की आज्ञा दी जा सकती है। इसलिए लापरवाह भेड़ और अवसरवादी भालू को हमारे जंगल से बाहर निकाल दिया जाए और चूहे के लिए अपने यहां रहने का प्रबंध किया जाए।'

मुख्य मंत्री बाघ का निर्णय सुनते ही भेड़ और भालू अपना सा मुंह ले कर चले गए और चूहे ने मुख्य मंत्री बाघ के प्रति आभार प्रकट किया।

गोंदावन राज्य के सभी जानवरों ने छोटे से चूहे का हृदय से स्वागत किया। (उर्वशी)

भाषणा गुप्ता

# मेहनती रामू

अक्सर बचपन में बच्चे मां-बाप की गोद में खेलते हैं। दोस्तों के साथ उछल-कूद मचाते हैं पर रामू को यह सब नसीब नहीं हुआ क्योंकि बचपन में ही उसके माता-पिता की एक रेल दुर्घटना में मौत हो गई थी। वह अपने मां-बाप का इकलौता बेटा था।

उस समय वह मात्रा आठ वर्ष का था। रेल में अपने माता-पिता के साथ वह भी था लेकिन संयोगवश वह बच गया। रेलवे के एक अधिकारी ने उसे आश्रय दिया। उस अधिकारी के अपने दो बच्चे थे जो रामू से काफी बड़े थे। वे दोनों रामू को बहुत प्यार करते थे। अधिकारी की पत्नी भी रामू से सहानुभूति रखती थी। रामू घर के छोटे-मोटे कामों में उनकी मदद कर देता था।

दिन बीतते गए। रामू को एक बात की हैरानी थी कि उस अंकल ने कभी उससे उसकी पढ़ाई-लिखाई के बारे में नहीं पूछा था जबकि वह पढ़ना चाहता था। जब उसके माता-पिता का देहांत हुआ तो वह अपने गांव के सरकारी स्कूल में तीसरी कक्षा में पढ़ता था। वह शुरू से ही पढ़ने में काफी होशियार था।

दीवाली का त्यौहार आया। अंकल ने अपने बच्चों के लिए नए कपड़े सिलवाए व उन्हें खूब सारे पटाखे लाकर दिए और फिर उन्हें रामू का ख्याल आया। उन्होंने रामू से पूछा, 'बेटा, तुम्हें दीवाली पर क्या चाहिए-पटाखे व नए कपड़े या फिर कुछ और.....।'

रामू बोला, 'मुझे न तो पटाखे चाहिए व न ही नए कपड़े। मैं तो पढ़ना चाहता हूं।' बात सुनकर अंकल को अपनी गलती का अहसास हुआ। उसकी पढ़ाई के बारे में सोचा ही नहीं था। बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु बाहर चले गए थे।

उन्होंने अगले वर्ष रामू को चौथी कक्षा में प्रवेश दिलवा दिया। अब रामू मन लगाकर पढ़ने लगा। वह पहले की तरह ही आंटी के साथ काम भी करवाता था।

एक बार आंटी सख्त बीमार पड़ गईं। रामू ने उनकी खूब सेवा की। वह सुबह जल्दी उठता। रसोई के कामों में घर की नौकरानी की मदद करता। बाजार से आंटी के लिए दवा व फल लाता। यदि अंकल को समय न होता तो सब्जी व अन्य सामान भी वही खरीदकर लाता। आंटी को समय पर दवा खिलाता। वह उनका पूरा ख्याल रखता था।

इस दौरान वह काफी दिन तक स्कूल नहीं जा पाया था। परीक्षाएं नजदीक आ रही थीं। अंकल को चिंता थी कि रामू फेल हो जाएगा लेकिन जब उसका परीक्षा परिणाम घोषित हुआ तो वह प्रथम श्रेणी से पास हुआ था।

सब यह देखकर दंग रह गए।

अंकल ने रामू से पूछा, 'बेटा, तुमने पढ़ाई कब की। पूरा दिन तो तुम आंटी की सेवा में ही...।'

रामू बोला, 'अंकल, रात को जब आप सब सो जाते थे तो मैं अपने कमरे में पढ़ाई कर लेता था।'

इसकी बात सुनकर अंकल व आंटी की आंखों में आंसू आ गए और उन्होंने उसे गले से लगा लिया।

अपनी लगन व परिश्रम से वही अनाथ रामू आगे चलकर डॉक्टर बन गया। (उर्वशी)

# झगड़ालू मेंढ़क

एक बार की बात है ढोलकपुर जंगल में मेडी नाम का एक मेढक था। मेडी मेढक था तो सारे मेढक में सबसे बड़ा लेकिन वो बिल्कुल भी समझदार नहीं था। वो बस दूसरों से लड़ने का मौका निकाला करता था। उसकी इस आदत से उसके बच्चे और आस-पड़ोस के बाकी मेढक भी काफी परेशान रहते थे और तो और मेडी मेढक को जैसे ही कोई अपनी तरफ आता देखता तो उसे देखते ही वो सब बोलते अरे भागो-भागों झगड़ालू ताऊ आ गया। पता नहीं कब शुरू हो जाए झगड़ा करने । और फिर इस तरह से मेडी मेढक से बस सब कोई बचने की कोशिश करता रहता।

एक दिन बगल के रहने वाले मेढक के घर पार्टी थी। उस मेढक ने आस-पास के सभी मेढक को अपने घर पार्टी में बुलाया। बस मेडी मेढक के परिवार को छोड़कर। पार्टी में सभी मेढक खूब मस्ती कर रहे थे। खूब बढ़ियाँ-बढ़ियाँ पकवान खा रहे थे। पकवान की खुशबू और गाने की आवाज़ मेडी मेढक के घर तक भी जा रही थी। ये सब देख मेडी मेढक की पत्नी को बहुत गुस्सा आता है और वो उससे कहती है, क्या जी, देखो तुम्हारे झगड़ालू नेचर की वजह से अब हमें कोई नहीं बुलाता। खाने की कितनी अच्छी खुशबू आ रही है। तुम्हारी वजह से इतनी अच्छी पार्टी का मजा नहीं ले पा रही। जाओ अब मैं भी रात का खाना नहीं बनाने वाली। आज खाना बाहर से आएगा। मेरी छुट्टी।

अपनी पत्नी की बात सुन कर मेडी मेढक उठता है और ढोलकपुर बाजार निकलता है रात का खाने लाने। मेडी मेढक अंदर ही अंदर बहुत गुस्से में होता है। वो अब सबसे बदला लेने की सोचने लगता है। तभी उसे सामने से शीरो साँप आता दिखाई देता है। मेडी मेढक तुरंत अपने मन में सोचता है, ये अच्छा है, मैं जाकर शीरो साँप को सभी मेढक के घर का पता बता देता हूँ। फिर शीरो साँप सबको एक-एक कर खा लेगा। बड़ें आयें, मुझको पार्टी में नहीं बुलाया। अभी सबक सिखाता हूँ सबको। और ऐसा सोचते हुए मेडी मेंढक तुरंत शीरो साँप के पास पहुंचता है और उससे कहता है, कैसे हैं शीरो जी आप। मेडी मेंढक को अपने पास खड़ा देख शीरो साँप तुरंत कहता है, क्या तुम्हें मुझसे डर नहीं लगता। अगर मैंने तुम्हें खा लिया तो। तभी मेडी मेढक कहता है, जी मुझे अकेले खा कर आपको क्या मिलेगा। चलिए मैं आज आपकी पार्टी कराता हूँ। मेरे घर के अगल-बगल जितने भी मेढक है उन्हें आप खा सकते हैं।



शीरो साँप तुरंत कहता है, क्या कह रहे हो मेडी। तुम मुझे अपने सभी साथी मेढक को खाने को कह रहे हो। एक बार फिर से सोच लो। मेडी मेढक कहता है, हाँ-हाँ शीरो जी मैंने अच्छे से सोच लिया है। बहुत परेशान करते थे सब मुझे। मेरी बात नहीं मानते थे। अब अच्छे से सबक सिखाता हूँ मैं उन्हें। इसके बाद मेडी मेढक शीरो साँप को लेकर अपने घर पहुंचता है और फिर एक-एक कर सभी मेढक का घर बताने लगता है। शीरो साँप धीरे बहुत धीरे से सबके घर जाता है और एक-एक कर उन्हें खाने लगता है। जब शीरो साँप सभी मेंढ़क को खा लेता है तब वो मेडी मेढक के घर जाता है और उससे कहता है, वाह मेडी मेंढक आज तो मज़ा आ गया। बहुत बढ़ियाँ पार्टी कारवाई है तुमने मेरी। लेकिन वो क्या है न मुझमे एक बहुत बुरी आदत है। जब मैं कुछ ज्यादा खा लेता हूँ तो मुझे और भूख लगने लगती है। तो मुझे और भूख लग रही। वैसे अब तुम्हारे परिवार के सिवा और कोई मेढक भी नहीं बचा जिसे मैं खा सकूँ। मेडी मेंढक ये सब सुन कर बहुत गुस्से में आ जाता है। और शीरो साँप से झगड़ा करते हुए कहता है, अरे ऐसे कैसे तुम हमें खाओगे। एक तो मैंने तुम्हारी पार्टी कारवाई। अपने सभी साथी मेढक को खाने दिया और तुम हो कि हमें शुक्रिया कहने के बदले तुम उल्टा हमें ही खाना चाहते हो। मेडी ये सब बोल ही रहा था तभी उसकी पत्नी पीछे से कहती है, अजी देखा आपने, कितनी बार मना किया था किसी से लड़ाई-झगड़ा मत किया करो। थोड़ा अपने गुस्से में काबू रखा करो। लेकिन नहीं। हमारे सभी साथी को ये शीरो खा गया। अब हमारी बारी। अपनी पत्नी की बात सुन कर मेडी कुछ कहता तभी शीरो साँप आता है और एक-एक कर के मेडी, उसकी पत्नी और उसके बच्चों को खा लेता है । और फिर इस तरह से उस जगह के सभी मेढक खत्म हो जाते हैं।

**मोरल- हमें कभी एक-दूसरे से लड़ाई झगड़ा नहीं करना चाहिए। हमेशा सबसे मिलजुल कर रहना चाहिए। सबसे बड़ी बात हमें अपने गुस्से पर काबू रखना चाहिए।**

# केंद्रीय कैबिनेट के कई अहम फैसले, सड़क-रेल व जल योजनाओं को मंजूरी

## जल जीवन मिशन 2028 तक बढ़ा, 19.36 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल कनेक्शन लक्ष्य





### पश्चिम बंगाल, झारखंड को जोड़ने वाली रेलवे की दो परियोजनाओं को मंजूरी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में बुनियादी ढांचे, ग्रामीण पेयजल आपूर्ति और हवाई संपर्क से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इन फैसलों का उद्देश्य देश में कनेक्टिविटी मजबूत करना, ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं बढ़ाना और क्षेत्रीय आर्थिक गतिविधियों को गति देना है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राष्ट्रीय मीडिया सेंटर में संवाददाता सम्मेलन में बताया कि मंत्रिमंडल ने जल जीवन मिशन की अवधि को दिसंबर 2028 तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। जल जीवन मिशन 2.0 के तहत देश के सभी 19.36 करोड़ ग्रामीण परिवारों को नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए योजना का कुल व्यय बढ़ाकर 8.69 लाख करोड़ रुपये कर दिया गया है, जिसमें केंद्र सरकार की सहायता 3.59 लाख करोड़ रुपये होगी। योजना के तहत अब केवल बुनियादी ढांचे के निर्माण के बजाय सेवा वितरण को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया जाएगा। मंत्रिमंडल ने परिवहन और कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए कई सड़क और रेल परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है। जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए 31.42 किलोमीटर लंबे ग्रीनफील्ड कनेक्टिविटी कॉरिडोर की संशोधित लागत 3,630.77 करोड़ रुपये स्वीकृत की गई है। इस परियोजना से दक्षिण दिल्ली, फरीदाबाद और गुरुग्राम से हवाई अड्डे तक सीधी और तेज कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी। इसके अलावा मध्य प्रदेश में उज्जैन को दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए 3,839 करोड़ रुपये की लागत से 80.45 किलोमीटर लंबे चार लेन कॉरिडोर के निर्माण को मंजूरी दी गई है। इससे यात्रा समय लगभग एक घंटे कम होने की उम्मीद है और क्षेत्रीय संपर्क मजबूत होगा। रेलवे क्षेत्र में भी दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिनकी कुल लागत 4,474 करोड़ रुपये है। इनमें सैंथिया-पाकुड़ और संतरागाछी-खड़गपुर चौथी लाइन परियोजनाएं शामिल हैं। इनसे रेलवे नेटवर्क की क्षमता बढ़ेगी, ट्रेनों की आवाजाही सुगम होगी और माल ढुलाई में भी वृद्धि होगी। मंत्रिमंडल ने तमिलनाडु के मदुरै हवाई अड्डे को अंतरराष्ट्रीय दर्जा देने का भी फैसला किया है। सरकार का मानना है कि इससे क्षेत्रीय संपर्क, अंतरराष्ट्रीय तीर्थाटन और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा तथा क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी। सरकार के अनुसार इन सभी निर्णयों से बुनियादी ढांचे के विकास, कनेक्टिविटी में सुधार और देश के विभिन्न क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिलेगा।

### प्रधानमंत्री ने रेल, सड़क कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने पर मंत्रिमंडल के फैसलों की सराहना की

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रेल और सड़क कनेक्टिविटी को मजबूत करने संबंधी केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों का स्वागत करते हुए मंगलवार को कहा कि इससे माल ढुलाई और परिवहन व्यवस्था व्यवस्था बेहतर होगी तथा खासकर आदिवासी क्षेत्रों में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। मोदी ने ग्रामीण पेयजल आपूर्ति परियोजना के लिए 8.7 लाख करोड़ रुपये के बढ़े हुए खर्च के साथ जल जीवन मिशन को दिसंबर 2028 तक बढ़ाने की मंत्रिमंडल की मंजूरी की भी सराहना की।

## तृणमूल सांसद कीर्ति आजाद ने क्रिकेट विश्वकप ट्रॉफी को मंदिर में ले जाने पर सवाल उठाया




**नयी दिल्ली :** तृणमूल कांग्रेस सांसद एवं पूर्व क्रिकेटर कीर्ति आजाद ने अहमदाबाद के एक मंदिर में पूजा-अर्चना के दौरान टी20 विश्वकप ट्रॉफी ले जाने को लेकर भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह की मंगलवार को कड़ी आलोचना की। आजाद ने संसद परिसर में संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि खेल का कोई धर्म नहीं होता और खिलाड़ी एवं समर्थक सभी धर्मों के लोग होते हैं। उन्होंने कहा, ''टीम इंडिया की जीत से लोग उत्साहित थे। उनमें सभी शामिल थे- हिंदू, मुसलमान, सिख और ईसाई... मैंने अपने देश के लिए खेला। कोई भी खेल या खिलाड़ी किसी विशेष धर्म या जाति से संबंधित नहीं होता। हमारे खिलाड़ियों ने भारत को जीत दिलाई। इसमें सभी का योगदान था।'' आजाद, 1983 के क्रिकेट विश्व कप की विजेता टीम का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने कहा, ''संजू सैमसन एक क्रिकेटर के रूप में खेल रहे थे, न कि एक ईसाई के रूप में। उन्होंने जो रन बनाए, वे भारतीय टीम के लिए थे, किसी धर्म के लिए नहीं... इसलिए, एक खिलाड़ी के रूप में, यह भारतीय टीम है, जिसने जीत हासिल की है। भारत की जनता के लिए। यह बहुत गर्व की बात है।'' तृणमूल नेता ने सोमवार को एक फेसबुक पोस्ट में इसी तरह की टिप्पणी करते हुए कहा था कि विजेता टीम ने भारत का प्रतिनिधित्व किया, ''सूर्यकुमार यादव या जय शाह के परिवार का नहीं।''

### महाराष्ट्र: जिष्णु देव वर्मा ने 22वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली

**मुंबई :** जिष्णु देव वर्मा ने मंगलवार को महाराष्ट्र के 22वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। मुंबई स्थित लोक भवन के दरबार हॉल में बम्बई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति श्री चंद्रशेखर ने वर्मा को पद की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सुनेत्रा पवार ने त्रिपुरा के माणिक्य राजवंश के सदस्य व तेलंगाना के पूर्व राज्यपाल वर्मा को उनकी नई नियुक्ति पर बधाई दी। शपथ ग्रहण समारोह के तुरंत बाद भारतीय नौसेना द्वारा राज्यपाल को औपचारिक 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया। पिछले वर्ष 12 सितंबर को सीपी राधाकृष्णन के उपराष्ट्रपति चुने जाने के बाद गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने महाराष्ट्र के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार संभाला था।

### बीजद के पूर्व सांसद आर के जेना ने पार्टी छोड़ी, भाजपा में शामिल होने की संभावना

**बालासोर (ओडिशा) :** ओडिशा में होने वाले राज्यसभा चुनावों से पहले, विपक्षी बीजू जनता दल के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद रवींद्र कुमार जेना ने मंगलवार को क्षेत्रीय दल की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया और उनके सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की संभावना है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। जेना के करीबी सूत्रों ने बताया कि वह राज्यसभा चुनावों (16 मार्च, 2026) से एक-दो दिन पहले सत्तारूढ़ दल में शामिल हो सकते हैं। बीजद के टिकट पर 2014 में बालासोर से लोकसभा के लिये निर्वाचित हुये जेना ने पार्टी अध्यक्ष नवीन पटनायक को लिखे पत्र में कहा, ''कुछ व्यक्तिगत कारणों और वर्तमान परिस्थितियों के मद्देनज़र मैंने पार्टी से अलग होने का कठिन निर्णय लिया है। मेरा इस्तीफा तत्काल स्वीकार किया जा सकता है।''

### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दिवाला, कंपनी कानून में संशोधन को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को दिवाला कानून और कंपनी अधिनियम में संशोधन को मंजूरी दे दी। सूत्रों ने यह जानकारी दी। हालांकि, इन बदलावों की पूरी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। सूत्रों ने कहा कि मंत्रिमंडल ने दिवाला एवं ऋण शोधन अक्षमता सहिंता (आईबीसी) और कंपनी अधिनियम, 2013 में विभिन्न संशोधनों को मंजूरी दे दी है। इन दोनों कानूनों को कॉरपोरेट मामलों का मंत्रालय लागू करता है। पिछले साल अगस्त में मंत्रालय ने लोकसभा में आईबीसी में संशोधन के लिए एक विधेयक पेश किया था। इस विधेयक में कई बदलाव प्रस्तावित किए गए थे, जिनका उद्देश्य दिवाला मामलों की प्रक्रिया को तेज करना और आवेदन स्वीकार करने में लगने वाला समय को कम करना है। इस विधेयक को लोकसभा की एक प्रवर समिति के पास भेजा गया था। समिति ने दिसंबर, 2025 में अपनी रिपोर्ट भी दे दी है। पिछले महीने वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि सरकार बजट सत्र के दूसरे भाग में आईबीसी (संशोधन) विधेयक, 2025 पेश करने चाहती है।

## असम के मुस्लिम राजनीतिक रूप से मियां मुसलमानों के खिलाफ: हिमंत

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को कहा कि असम के मुस्लिम राजनीतिक रूप से मियां मुसलमानों के खिलाफ हैं। उन्होंने दावा किया कि स्थानीय मुस्लिम समुदाय का एक तबका अब भाजपा का समर्थन कर रहा है। शर्मा ने कहा कि असम के मुसलमानों ने समय-समय पर यह स्पष्ट किया है कि उनका धर्म समान हो सकता है, लेकिन वे मियां मुसलमानों से सांस्कृतिक रूप से अलग हैं। उन्होंने यहां एक आधिकारिक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से कहा, इस बार असम के मुसलमानों ने मन बना लिया है कि वे एक अलग समुदाय हैं, भले ही धर्म समान हो। मुख्यमंत्री से पूछा गया था कि क्या धार्मिक अल्पसंख्यक आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा का समर्थन करेंगे, इसके बाद उनका यह बयान आया है। दोनों समुदायों को उनकी मातृभाषा और मूल स्थान के आधार पर अलग करते हुए शर्मा ने कहा, राजनीतिक रूप से, असम के मुसलमान मियां मुसलमानों के खिलाफ हैं। कई लोग टीवी पर परिचर्चा में कहते हैं कि धर्म भले समान हो, लेकिन उनकी संस्कृति अलग-अलग हैं। 'मियां' मूल रूप से असम में बंगाली बोलने वाले मुसलमानों के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला शब्द है, और गैर-बंगाली बोलने वाले लोग उन्हें आम तौर पर बांग्लादेशी प्रवासी बताते हैं।

## विनम्रता और संयम के साथ अपने अधिकार का प्रयोग करें आयकर अधिकारी : राष्ट्रपति मुर्मू



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि कर अधिकारियों को अपनी शक्तियों का प्रयोग विनम्रता, संयम और संवैधानिक मूल्यों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता के साथ करना चाहिए। राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति से मुलाकात करने आए भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारियों के एक समूह को संबोधित करते हुए मुर्मू ने कहा कि कर अधिकारियों से ऐसे निर्णय लेने की अपेक्षा की जाती है जो न्यायसंगत, कुशल और व्यावसायिक प्रक्रियाओं की गहरी समझ पर आधारित हों। मुर्मू ने कहा, ''मुझे विश्वास है कि आपके निर्णय और कार्य व्यापार करने में आसानी को बढ़ावा देने तथा देश के राजस्व की रक्षा करने के बीच सही संतुलन स्थापित करेंगे।'' राष्ट्रपति ने कहा कि आईआरएस अधिकारी होने के नाते, उन्हें अपने आचरण और निर्णय लेने में सावधानी से विवेक का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्व सेवा का दायित्व कर संग्रह से कहीं अधिक व्यापक है। राष्ट्रपति ने कहा, ''जटिल वित्तीय लेन-देन का विश्लेषण करने, सीमाओं के पार अवैध वित्तीय प्रवाह का पता लगाने और जटिल कॉरपोरेट संरचनाओं को समझने की आपकी क्षमता आपको विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में राष्ट्र की यात्रा को आगे बढ़ाने में अपरिहार्य भागीदार बनाती है।'' राष्ट्रपति मुर्मू ने आईआरएस (आयकर) के 79वें बैच के प्रशिक्षुओं अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा, ''आईआरएस अधिकारी के रूप में, आप यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे कि करों की वसूली निष्पक्षता, दक्षता और पारदर्शिता के साथ की जाए।''

## ओडिशा से गुजरने वाली नई अमृत भारत ट्रेन से कनेक्टिविटी बढ़ेगी : माझी

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने मंगलवार को कहा कि तमिलनाडु के पोत्तनूर और झारखंड के धनबाद के बीच स्वीकृत नयी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन ओडिशा में कनेक्टिविटी बढ़ाने में मदद करेगी। पूर्व तट रेलवे ने कहा है कि असम के कामाख्या और आंध्र प्रदेश के चर्लपल्ली के बीच चलने वाली दूसरी अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन ओडिशा निवासियों के लिए लाभकारी होगी। मुख्यमंत्री ने केंद्र द्वारा ओडिशा से गुजरने वाली अमृत भारत ट्रेनों को मंजूरी देने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद दिया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''पोत्तनूर (कोयंबटूर) और धनबाद के बीच नई स्वीकृत अमृत भारत ट्रेन सेवा ओडिशा में कनेक्टिविटी को बढ़ाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्रेन के ओडिशा के विभिन्न स्थानों पर ठहराव से दक्षिणी और पश्चिमी ओडिशा के सात जिलों के लोगों को लाभ मिलेगा, इन जिलों में केबीके (कालाहांडी-बलांगीर-कोरापुट) क्षेत्र भी शामिल है।'' उन्होंने कहा कि नई ट्रेन ओडिशा को तमिलनाडु के प्रमुख शहरों जैसे कोयंबटूर, तिरुपुर और सलेम, साथ ही झारखंड के महत्वपूर्ण औद्योगिक केंद्रों जैसे रांची, बोकारो और धनबाद से सीधे रेल संपर्क प्रदान करेगी, जिससे आर्थिक और सामाजिक संबंध मजबूत होंगे।

### ओडिशा: नेताओं ने इतिहासकार-पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित हरमन कुलके के निधन पर शोक जताया

**भुवनेश्वर :** ओडिशा के उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव व विधानसभा में विपक्ष के नेता नवीन पटनायक ने मंगलवार को इतिहासकार और पद्म श्री से सम्मानित हरमन कुलके के निधन पर शोक व्यक्त किया। जर्मनी में जन्मे कुलके ने श्री जगन्नाथ संस्कृति और राज्य की विरासत को वैश्विक स्तर पर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सिंह देव ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, प्रख्यात इतिहासकार और पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित प्रोफेसर हरमन कुलके के निधन से मैं अत्यंत व्यथित हूं। ओडिशा के इतिहास, संस्कृति और राजनीति पर उनके अग्रणी शोध ने भारतीय संस्कृति के अध्ययन पर अमिट छाप छोड़ी है तथा आने वाली पीढ़ियों के विद्वानों को प्रेरित करता रहेगा। ओडिशा अनुसंधान परियोजना के संस्थापक सदस्य के रूप में, हमारे राज्य की विरासत के अध्ययन में उनका योगदान अतुलनीय है। उनकी आत्मा को शांति मिले। पटनायक ने 'एक्स' पर कहा, प्रख्यात इतिहासकार और पद्म श्री से सम्मानित प्रोफेसर हरमन कुलके के निधन की खबर सुनकर मुझे गहरा दुख हुआ है। उनका निधन इतिहास के लिए एक अपार क्षति है। ओडिशा अनुसंधान परियोजना में उनके नेतृत्व और ओडिशा की संस्कृति, इतिहास व श्री जगन्नाथ परंपरा पर उनके अग्रणी शोध ने प्रदेश की समृद्ध विरासत को वैश्विक अकादमिक चर्चा में ला खड़ा किया। मेरी संवेदनाएं व प्रार्थनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

## एनसीईआरटी ने 'न्यायिक भ्रष्टाचार' पर अध्याय को लेकर माफी मांगी, आठवीं की पूरी पुस्तकें वापस लीं

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने न्यायिक भ्रष्टाचार पर एक अध्याय शामिल करने के लिए सार्वजनिक माफी मांगते हुए मंगलवार को कहा कि आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की पूरी पाठ्यपुस्तकें वापस ले ली गई हैं। आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की इस पाठ्यपुस्तक में लिखा था कि न्यायपालिका के सामने आने वाली चुनौतियों में भ्रष्टाचार, लंबित मामलों का भारी बोझ और पर्याप्त न्यायाधीशों की कमी शामिल हैं। एनसीईआरटी ने मंगलवार को जारी बयान में कहा, ''राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद ने हाल में कक्षा 8 (भाग 2) की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक 'एक्सप्लोरिंग सोसाइटी: इंडिया एंड बियॉन्ड' प्रकाशित की है, जिसमें अध्याय चार 'हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका' शामिल था।'' बयान में कहा गया, ''एनसीईआरटी के निदेशक और सदस्य उक्त अध्याय के लिए बिना शर्त और पूर्ण माफी मांगते हैं। पूरी पुस्तक वापस ले ली गई है और अब उपलब्ध नहीं है।'' प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों में न्यायपालिका के बारे में ''आपत्तिजनक'' बयानों का स्वतः संज्ञान लिया था। यह मामला वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिबल और अभिषेक सिंघवी द्वारा तत्काल विचार के लिए उठाया गया था। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने और उसकी गरिमा को धूमिल करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उच्चतम न्यायालय ने पुस्तक के भविष्य में किसी भी प्रकाशन, पुनर्मुद्रण या डिजिटल प्रसार पर ''पूर्ण प्रतिबंध'' लगा दिया। सरकार ने पुस्तक में विवादास्पद सामग्री शामिल होने पर खेद व्यक्त किया था। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि दोषियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## उत्तम नगर होली हत्या मामला: अदालत ने कहा-11 मार्च तक कोई तोड़फोड़ न की जाए

**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय ने मंगलवार को एमसीडी से कहा कि वह उत्तम नगर में होली के दिन हुई हिंसा के मामले में कथित तौर पर शामिल व्यक्तियों के दो घरों के संबंध में 11 मार्च तक तोड़फोड़ की कोई कार्रवाई न करे। हिंसा में 36 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति अमित बंसल ने आरोपी इमरान की मां जरीना, और शहनाज की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह बात कही, जिनके बच्चों से पुलिस ने पूछताछ की थी। अदालत ने कहा, ''उन्हें (एमसीडी) बता दें कि अभी 4 बजे से लेकर कल सुबह 10:30 बजे तक, जब इस मामले पर सुनवाई होगी, कुछ भी नहीं होना चाहिए। कल के लिए सूचीबद्ध करें।'' याचिकाकर्ताओं ने उत्तम नगर की जेजे कॉलोनी में स्थित अपने आवासीय परिसरों को ''मनमानी और अवैध'' तोड़फोड़ से बचाने के लिए निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया था। अधिकारियों की ओर से पेश हुए वकील ने अदालत से बुधवार को मामले की सुनवाई करने का अनुरोध किया। याचिकाकर्ताओं के वकील ने कहा कि इस बीच उन्हें अंतरिम सुरक्षा प्रदान की जानी चाहिए। जरीना ने अपनी याचिका में कहा कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) द्वारा आरोपी उमरदीप के घर को ध्वस्त किए जाने से इलाके में आतंक और असुरक्षा का माहौल पैदा हो गया है, जिसके परिणामस्वरूप यह वास्तविक आशंका है कि कानून की उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना उसका घर भी ध्वस्त किया जा सकता है।

## रणदीप हुड्डा और लिन लैशराम के घर आई नन्ही परी, दंपति ने सोशल मीडिया पर साझा की बेटी की तस्वीर



**नयी दिल्ली :** अभिनेता रणदीप हुड्डा और उनकी पत्नी लिन लैशराम के घर पहली संतान के रूप में बेटी का जन्म हुआ है। दंपति ने मंगलवार को 'इंस्टाग्राम' पर तस्वीरें साझा कर यह जानकारी दी। पहली तस्वीर में रणदीप के पिता बच्ची को गोद में लिए हुए हैं और दूसरी तस्वीर में बच्ची के हाथ की नजदीक से ली हुई तस्वीर है। रणदीप के पिता की जन्मतिथि को ही बच्ची का जन्म हुआ है। रणदीप ने कहा, दादा और पोती को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। आज, जब मैं पिता बना हूं, तो आपके प्रति मेरा स्नेह और भी गहरा हो गया है पापा। और सबसे महत्वपूर्ण बात, लिन, मुझे पिता बनाने और हमारी नन्ही सी बेटी को इस दुनिया में लाने के लिए धन्यवाद। एक नन्ही सी बच्ची और जीवन भर का प्यार। 'साहब, बीवी और गैंगस्टर', 'रंग रसिया', 'हाईवे' व 'सरबजीत' जैसी फिल्मों में काम कर चुके रणदीप और लिन ने कई साल तक रिश्ते में रहने के बाद 2022 में 'इंस्टाग्राम' पर अपने रिश्ते को सार्वजनिक किया था। दोनों ने 2023 में इम्फाल के चुमथांग सनापुंग में शादी की थी।

## रक्षा मंत्री ने जारी किया 'दृष्टिकोण पत्र-2047'



**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को एक महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण पत्र जारी किया, जिसमें भारतीय सेना को मजबूत बनाने के लिए आवश्यक रणनीतिक सुधार, दक्षता बढ़ाने के उपाय और संगठनात्मक परिवर्तन की एक शृंखला की व्यापक रूपरेखा प्रस्तुत की गई है। एकीकृत रक्षा स्टाफ मुख्यालय द्वारा तैयार किया गया यह दस्तावेज, भारत की स्वतंत्रता की शताब्दी तक भारतीय सशस्त्र बलों को एक आधुनिक, बहु-क्षेत्रीय और एकीकृत बल में बदलने के लिए एक रणनीतिक खाका है। यह दृष्टिकोण पत्र भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष के आठ महीने बाद जारी किया गया। पिछले साल सात से 10 मई के बीच हुए इस संघर्ष के बाद, सेना के तीनों अंगों (थलसेना, वायुसेना और नौसेना) से कहा गया कि वे इस संघर्ष से मिले अनुभव का लाभ उठाने के लिए काम करें। 'रक्षा बल दृष्टिकोण 2047: भविष्य के लिए तैयार भारतीय सेना की रूपरेखा' में सेना को एक एकीकृत, बहु-क्षेत्रीय और सतर्क बल में बदलने की परिकल्पना की गई है, जो विरोधियों को रोकने और किसी भी संघर्ष का प्रभावी ढंग से जवाब देने में सक्षम हो। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, इस दृष्टिकोण पत्र का एक प्रमुख उद्देश्य तीनों सेनाओं के बीच संयुक्तता और बेहतर तालमेल पर जोर देना है, जिससे योजना, संचालन और क्षमता विकास में अधिक समन्वय को बढ़ावा मिले। मंत्रालय ने कहा है कि रक्षा बलों को एक आधुनिक, एकीकृत और तकनीकी रूप से उन्नत सैन्य बल में बदलने के लिए एक खाका तैयार किया गया है, जो 2047 तक देश की 'विकसित भारत' बनने की आकांक्षा का समर्थन करने में सक्षम होगा।

### कोविड-रोधी टीकाकरण के दुष्प्रभाव पर 'दोष निर्धारण के बगैर मुआवजा देने की नीति' बनाएं : न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने कोविड-19 रोधी टीकाकरण के बाद होने वाले गंभीर दुष्प्रभाव के लिए ''दोष निर्धारण के बगैर मुआवजा देने की नीति'' तैयार करने का केंद्र सरकार को मंगलवार को निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभावों की निगरानी के लिए मौजूदा व्यवस्था जारी रहेगी। न्यायालय ने कहा कि जैकब पुलियेल मामले में मई 2022 के फैसले में शीर्ष अदालत द्वारा की गई टिप्पणियों के अनुसार प्रासंगिक डेटा को समय-समय पर सार्वजनिक किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा, ''टीकाकरण के बाद होने वाले दुष्प्रभाव के वैज्ञानिक मूल्यांकन के लिए मौजूदा व्यवस्था को देखते हुए, अदालत द्वारा नियुक्त किसी अलग विशेषज्ञ निकाय की आवश्यकता नहीं है।'' पीठ ने यह भी स्पष्ट किया कि उसका यह निर्णय किसी व्यक्ति को कानून में उपलब्ध अन्य उपायों का सहारा लेने से रोकता नहीं है। पीठ ने कहा, ''इसी तरह, दोष निर्धारण के बगैर मुआवजा देने की नीति तैयार करना, भारत सरकार या किसी अन्य प्राधिकरण की ओर से किसी भी प्रकार की जिम्मेदारी या गलती को स्वीकार करना नहीं माना जाएगा।''

## हर अग्निवीर के भविष्य की सुरक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी: मुख्यमंत्री धामी





**देहरादून :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को कहा कि अग्निवीरों के भविष्य की सुरक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है और उनके लिए वर्दीधारी पदों में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था की गयी है। प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसैंण में अग्निवीरों के रूप में भर्ती होने वाले कैडेट्स के साथ संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने यह भरोसा दिलाया। ओपी कंडारी नाम के कैडेट ने पूछा कि सरकार अग्निवीर के रूप में सेवा पूरी करने के बाद उनके रोजगार की क्या व्यवस्था कर रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने वर्दीधारी (राज्यस्तरीय बलों) पदों पर अग्निवीरों के लिए 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण की व्यवस्था की है जबकि इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार भी अनेक क्षेत्रों में अग्निवीरों को अवसर मुहैया करा रही है। उन्होंने कहा, हर अग्निवीर के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है। संवाद के दौरान अग्निवीर कैडेट्स ने मुख्यमंत्री से विभिन्न विषयों पर प्रश्न पूछे। यह पूछे जाने पर कि एक सैनिक के बेटे होने के कारण क्या उन्होंने कभी सेना में भर्ती होने के बारे में नहीं सोचा तो धामी ने कहा कि अपने पिता के साथ रहते हुए उन्होंने सेना के अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा को करीब से देखा है। उन्होंने कहा, जिस प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ हमारे सैनिक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं, उसी भावना से वह प्रदेश के मुख्य सेवक के रूप में उत्तराखंड की जनता की सेवा करने का प्रयास करते हैं। हिमांशु रौतेला ने उनसे प्रश्न किया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री होने के नाते वह अपने परिवार को कैसे समय दे पाते हैं? इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी लोग उनका परिवार हैं और सभी गांव उनके अपने गांव हैं।

### दक्षिण कन्नड़ में डीजल का अवैध भंडारण करने के मामले में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**मंगलुरु (कर्नाटक) :** दक्षिण कन्नड़ जिले के बेलथांगडी तालुक में कनियूरु गांव में लाइसेंस के बिना भारी मात्रा में डीजल का भंडारण करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने कहा कि बेलथांगडी की पुलिस अधिकारी रोहिणी सीके ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम को सक्रिय किया, जिसने नौ मार्च की रात को बताए गए स्थान पर छापा मारा। तलाशी के दौरान अधिकारियों ने आरोपी जगदीश (35) के मकान के पास एक शेड में डीजल का भंडारण पाया। पुलिस ने कहा कि प्रत्येक 200 लीटर के करीब 20 'बैरल' और 35 लीटर क्षमता वाले पांच कैन डीजल के बरामद किए गए। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर करीब 3.5 लाख रुपये मूल्य का करीब 4,175 लीटर डीजल जब्त किया गया है।

## दिव्यांग कैडेट को लाभ देने पर फैसला नहीं हुआ तो रक्षा, वित्त सचिवों को तलब करेंगे: न्यायालय



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को चेतावनी दी कि अगर संबंधित मंत्रालय प्रशिक्षण के दौरान दिव्यांगता के कारण अयोग्य हुए सैन्य कैडेट को मौद्रिक लाभ देने के मुद्दे पर निर्णय नहीं लेते हैं, तो वह रक्षा सचिव और वित्त सचिव को तलब कर सकता है। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ उन कैडेट की कठिनाइयों से संबंधित एक स्वत: संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही थी, जिन्हें प्रशिक्षण के दौरान चोट या दिव्यांगता के कारण बाहर कर दिया गया था। अदालत ने कहा, ''हमने पहले ही संबंधित मंत्रालयों को पर्याप्त समय दिया है। यदि मामले में कोई प्रगति नहीं हुई, तो हम इस अदालत के समक्ष रक्षा सचिव और वित्त सचिव की पेशी का निर्देश देने के लिए बाध्य होंगे।'' पीठ ने कहा कि अदालत ने इस मुद्दे पर निर्णय लेने के लिए अधिकारियों को छह सप्ताह का समय दिया था, लेकिन रक्षा या वित्त मंत्रालय की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने पीठ से इस मुद्दे पर निर्णय लेने के लिए मंत्रालयों को कुछ और समय देने का आग्रह किया और कहा कि उन्होंने मामले को सुलझाने की पूरी कोशिश की है। उन्होंने अदालत को सूचित किया कि थल-सेना, नौसेना और वायुसेना के तीनों प्रमुखों ने कैडेट की स्थिति में सुधार के उपायों पर सिफारिशें की थीं, लेकिन संबंधित मंत्रालयों ने इस मामले में कोई निर्णय नहीं लिया है। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि इस मुद्दे पर रक्षा मंत्रालय और वित्त मंत्रालय दोनों के बीच समन्वय की आवश्यकता है, और सुझाव दिया कि एक संयुक्त बैठक से मामले को सुलझाने में मदद मिल सकती है।

## भारत के पांच मुक्केबाजों ने फ्यूचर्स कप में दर्ज की जीत

**बैंकॉक :** भारत के पांच युवा मुक्केबाजों ने मंगलवार को यहां विश्व मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप के तीसरे दिन जीत दर्ज की। चंद्रिका पुजारी (50 किग्रा) ने सुबह के सत्र में वेनेजुएला की मुक्केबाज पर 5-0 के सर्वसम्मत निर्णय से शानदार जीत हासिल की, जबकि जॉयश्री देवी (54 किलोग्राम) ने कजाकिस्तान की प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ तीसरे दौर में रेफरी द्वारा रोके गए मुकाबले को अपने नाम कर मजबूत प्रदर्शन जारी रखा। एल अंबेकर (50 किग्रा) ने पुरुषों के वर्ग में इक्वाडोर के अपने प्रतिद्वंद्वी को आसानी से 5-0 से हराया। शाम के सत्र में गुंजन (48 किग्रा) ने करीबी मुकाबले में इटली की प्रतिद्वंद्वी को 3-2 से हराया, जबकि प्राची (60 किलोग्राम) ने पहले दौर में आरएससी से इक्वाडोर की प्रतिद्वंद्वी को हराकर दबदबा कायम किया।

## मनु भाकर राष्ट्रीय चयन ट्रायल की महिला 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा में शीर्ष पर

**नयी दिल्ली :** ओलंपियन मनु भाकर मंगलवार को यहां संपन्न राष्ट्रीय चयन ट्रायल तीन (ग्रुप ए) की महिला 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा के फाइनल में शीर्ष पर रहीं। ट्रायल दो की विजेता संयम दूसरे स्थान पर रहीं जबकि ईशा सिंह ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में तीसरा स्थान हासिल किया। अंतिम क्वालीफायर के रूप में फाइनल में जगह बनाने वाली मनु ने दूसरी सीरीज के अंत में बढ़त बनाई और फिर 246.1 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने संयम को 4.2 अंक से पछाड़ा जिन्होंने 241.9 अंक जुटाए। एशियाई चैंपियनशिप की स्वर्ण और विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता ईशा 220.6 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। ईशा ने क्वालीफिकेशन में 580 अंक के साथ शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। सुरभि राव 578 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। संयम (575) ने छठा जबकि मनु (574) ने आठवां स्थान हासिल किया। राष्ट्रीय टीम अब बुधवार से यहां कोचिंग शिविर में हिस्सा लेगी।

# धोनी और रोहित के एलीट क्लब में शामिल होकर अच्छा लग रहा है: सूर्यकुमार



**मुंबई :** भारत को टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने के दो दिन बाद भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने कहा कि वह देश को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) ट्रॉफी दिलाने वाले कपिल देव, महेंद्र सिंह धोनी और रोहित शर्मा जैसे दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में शामिल होकर गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। सूर्यकुमार की कप्तानी में भारत ने रविवार को अहमदाबाद में न्यूजीलैंड को फाइनल में 96 रन से हराकर टी20 विश्व कप जीता। यह रिकॉर्ड तीसरा अवसर है जबकि भारत ने यह खिताब अपने नाम किया। वह अपने खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम भी बन गई है। अहमदाबाद से लौटने के तुरंत बाद सूर्यकुमार ने अपने आवास पर पीटीआई वीडियो से कहा, '2024 और अब 2026 में ट्रॉफी जीतकर बहुत अच्छा लग रहा है। यह बहुत ही खास अहसास है। जब हमने 2024 में जीत हासिल की थी, तब हमने सोचा था कि 2026 में अपने घरेलू मैदान पर इसे दोहराना कितना खास होगा।' उन्होंने कहा, 'हमारा अगला लक्ष्य 2028 में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतना है। टीम अच्छी लय में है। अगर भारत उसी साल (2028 में) टी20 विश्व कप जीत जाता है, तो यह बहुत बड़ी उपलब्धि होगी।' रोहित और धोनी जैसे दिग्गजों से अपनी तुलना किए जाने पर सूर्यकुमार ने कहा, 'उस एलीट क्लब में शामिल होकर अच्छा लग रहा है। मैं धीरे-धीरे इसे महसूस कर रहा हूं। इतने महान खिलाड़ियों के साथ मेरा नाम आना बहुत ही खास अहसास है। मैं भविष्य में भी ऐसा करने की कोशिश करूंगा और भारत को और अधिक ट्रॉफियां दिलाने में मदद करना चाहूंगा।' रोहित उस समय कप्तान थे जब भारत ने जून 2024 में बारबाडोस में टी20 विश्व कप जीतकर आईसीसी ट्रॉफी का सूखा खत्म किया था। धोनी की कप्तानी में भारत ने 2007 में टी20 विश्व कप और 2011 में वनडे विश्व कप जीता था। कपिल देव की कप्तानी में भारतीय टीम ने 1983 में वनडे विश्व कप जीता था, जो देश के लिए पहला बड़ा खिताब था। सूर्यकुमार ने खुलासा किया कि उन्होंने टी20 विश्व कप से पहले धोनी से बात की थी। भारतीय कप्तान ने कहा, ''मैंने टूर्नामेंट से पहले उनसे (धोनी) मुलाकात की थी और उन्होंने मुझे आईसीसी टूर्नामेंट में खेलने का तरीका बताया था। उन्होंने कहा था कि हमारी टीम अच्छी है, हमें बस हिम्मत रखनी होगी और हम निश्चित रूप से जीतेंगे। जीत के बाद उनकी प्रतिक्रिया शानदार थी।' पूरा भारत इस उपलब्धि का जश्न मना रहा है। भारतीय टीम ने भी रविवार की पूरी रात को जश्न मनाया। सूर्यकुमार ने कहा, ''विश्व चैंपियन बनने के बाद उस रात हमने जो जश्न मनाया काश उसे मैं सबके साथ साझा कर पाता। हमने बहुत अच्छा समय बिताया और हम सुबह आठ बजे तक जागते रहे।'' सूर्यकुमार को अब 28 मार्च से शुरू होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने का इंतजार है। उन्होंने कहा, ''अभी थोड़ा आराम करना है और फिर आईपीएल की तैयारी करनी है। हम अगले चरण में ओलंपिक की तैयारी शुरू कर देंगे जहां हमारा लक्ष्य स्वर्ण पदक जीतना है।'

# सैमसन ने 'प्लेयर ऑफ़ द टूर्नामेंट' बनकर बनाया अनोखा रिकॉर्ड

**नयी दिल्ली :** भारत को तीसरी बार टी20 विश्व कप का खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ने हाल में समाप्त हुई प्रतियोगिता का 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' बनकर एक अनोखा रिकॉर्ड अपने नाम दर्ज कर दिया। सैमसन पहले ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) के पुरुष या महिला वर्ग के किसी टूर्नामेंट में अपनी टीम की तरफ से चार मैच नहीं खेलने के बावजूद 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' का पुरस्कार हासिल किया। उनसे पहले चार खिलाड़ी ही ऐसे थे जिन्होंने अपनी टीम के सभी मैच नहीं खेलने के बावजूद टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीता था। इन खिलाड़ियों ने हालांकि अपनी टीम की तरफ से केवल एक मैच नहीं खेला था। प्रतियोगिता के शुरू होने पर



सैमसन रन बनाने के लिए जूझ रहे थे और इसलिए उन्हें शुरुआती मैचों में अंतिम एकादश में नहीं चुना गया था। उन्हें बीच में अभिषेक शर्मा के अस्वस्थ होने के कारण एक मैच खेलने का मौका मिला लेकिन उसके बाद उन्हें बाहर कर दिया गया था। सुपर आठ में दक्षिण अफ्रीका से बड़ी हार के बाद भारत ने अपने शीर्ष क्रम में बाएं हाथ के बल्लेबाजों की अधिकता को देखते हुए दाएं हाथ के बल्लेबाज सैमसन को मौका दिया और केरल के इस खिलाड़ी ने इसके बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा। सैमसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ क्वार्टर फाइनल की तरह बने मैच में नाबाद 97 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में 89 और फिर न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में भी 89 रन बनाकर भारत को जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके लिए उन्हें टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। भारत ने इस टूर्नामेंट में कुल नौ मैच खेले जिनमें से सैमसन पांच मैच ही खेल पाए थे। आईसीसी के पुरुष या महिला वर्ग के टूर्नामेंट में इससे पहले 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' बनने वाले किसी खिलाड़ी ने या तो अपनी टीम के सभी मैच खेले थे या फिर वे केवल एक मैच से बाहर रहे थे।

## पटना पहुंचने पर इशान का जोरदार स्वागत



**पटना :** भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज इशान किशन मंगलवार को यहां अपने गृहनगर पहुंचे जहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। उन्होंने टी20 विश्व कप में भारत की खिताबी जीत में अहम भूमिका निभाई थी। इशान की वापसी काफी प्रेरणादायी रही जो कुछ महीने पहले तक राष्ट्रीय टीम की योजनाओं का हिस्सा भी नहीं थे। बाएं हाथ के इस खिलाड़ी ने रविवार को अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल में अर्धशतक लगाने से पहले मुश्किल विकेट पर पाकिस्तान के खिलाफ मैच जिताने वाली पारी खेली थी। इशान को फाइनल की तैयारी के दौरान दुर्घटना में अपनी रिश्ते की बहन की मौत के दुख का भी सामना करना पड़ा था। पटना पहुंचने पर इशान ने कहा कि टीम भविष्य में और खिताब जीतने के लिए प्रतिबद्ध है। यह भारत का रिकॉर्ड तीसरा टी20 विश्व कप खिताब है जो खिताब का बचाव करने वाली पहली टीम भी बनी। घरेलू क्रिकेट में पड़ोसी राज्य झारखंड के लिए खेलने वाले इशान ने कहा, ''मुझे बहुत अच्छा लग रहा है। टीम इंडिया जीत गई है। यह ना सिर्फ हमारे लिए बल्कि पूरे देश के लिए शानदार पल है। मुझे उम्मीद है कि हम आगे भी खेलते रहेंगे और जीतेंगे। मेरा मानना है कि अगर मैं अच्छा प्रदर्शन करता हूं तो इससे युवा खिलाड़ियों को प्रेरणा मिलेगी। मैं हमेशा युवाओं को बढ़ावा देने की कोशिश करता हूं।'

## आईसीसी ने वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ियों के लिए व्यावसायिक उड़ानों में बुकिंग की

**कोलकाता :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भारत में फंसी वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका की टीम के लिए अलग-अलग व्यावसायिक उड़ानों में बुकिंग की क्योंकि कोलकाता से उड़ान भरने वाली उनकी चार्टर्ड उड़ान रद्द हो गई थी। इस मामले की जानकारी रखने वाले आईसीसी के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, ''वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका के सभी खिलाड़ियों की अलग-अलग व्यावसायिक विमान कंपनियों की उड़ान में बुकिंग की गई है। सभी की बुकिंग एक ही उड़ान में नहीं हो सकती लेकिन आईसीसी ने व्यक्तिगत बुकिंग का ध्यान रखा है। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने खुद बात की है और खिलाड़ियों को सुरक्षित स्वदेश वापसी का भरोसा दिलाया है।' सूत्र ने कहा, ''यह बताना जरूरी है कि डेरेन सैमी सोमवार रात को स्वदेश के लिए रवाना हो चुके हैं।' कोलकाता में अपने आखिरी मैच खेलने वाली दो टीम (वेस्टइंडीज ने एक मार्च को सुपर आठ मुकाबला और दक्षिण अफ्रीका ने चार मार्च को सेमीफाइनल) ईरान पर अमेरिकी और इजरायली हमलों के बाद पश्चिम एशिया के कुछ हिस्सों में अंतरराष्ट्रीय वायु क्षेत्र पर लगी पाबंदियों रोक की वजह से उड़ान नहीं भर पाई हैं। इस स्थिति ने कई विमान कंपनियों को खाड़ी क्षेत्र के रास्ते जाने से बचने पर मजबूर कर दिया है। आईसीसी की साझेदार विमान कंपनी एमिरेट्स है और दुबई में वायु क्षेत्र बंद होने की वजह से वे अपनी उड़ानों का संचालन नहीं कर पा रहे हैं।

## गुजरात टाइटन्स ने मैथ्यू हेडन को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया

**अहमदाबाद :** गुजरात टाइटन्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र से पहले ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। फ्रेंचाइजी ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। दो बार के वनडे विश्व कप विजेता और अपने जमाने के सबसे प्रभावशाली सलामी बल्लेबाजों में से एक हेडन का अंतरराष्ट्रीय करियर शानदार रहा है। उन्हें टी20 में बल्लेबाजी का व्यापक अनुभव है और वह इसकी बारीकियों को समझते हैं। हेडन ने सभी प्रारूपों में 273 अंतरराष्ट्रीय मैचों में ऑस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें उन्होंने 15,000 से अधिक रन बनाए और आईसीसी के कई टूर्नामेंट में जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गुजरात टाइटंस के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने कहा, ''मैथ्यू की नियुक्ति हमारे सफर के महत्वपूर्ण मोड़ पर की गई है। शीर्ष स्तर पर उनका अनुभव और उभरती प्रतिभाओं को मार्गदर्शन देने की उनकी क्षमता आगामी सत्र में हमारे लिए महत्वपूर्ण साबित होगा।' हेडन ने कहा, 'अच्छी बल्लेबाजी दबाव बनाती है।

## डेरिल मिचेल को गेंद मारने के लिए अर्शदीप पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना



**दुबई :** भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर अहमदाबाद में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के फाइनल के दौरान न्यूजीलैंड के बल्लेबाज डेरिल मिचेल पर 'आक्रामक और अनुचित तरीके से' गेंद फेंकने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा अर्शदीप के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ा गया है जो 24 महीने के समय में उनका पहला अपराध है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को मीडिया विज्ञप्ति में कहा कि अर्शदीप को आईसीसी की खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टॉफ से संबंधित आचार संहिता के नियम 2.9 के उल्लंघन का दोषी पाया गया जो 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी पर या उसके पास अनुचित और/या खतरनाक तरीके से गेंद (या क्रिकेट से जुड़ी कोई अन्य चीज) फेंकने' से जुड़ा है। यह घटना रविवार को न्यूजीलैंड की पारी के 11वें ओवर में हुई जब अर्शदीप ने गेंद फेंकने के बाद शॉट खेलने पर गेंद को रोका और फिर आक्रामक तरीके से बल्लेबाज की ओर फेंका जो न्यूजीलैंड के उप कप्तान के पैड पर लगी। न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर भारत तीन टी20 विश्व कप खिताब जीतने वाली पहली टीम बना। टीम इंडिया अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव करने और अपने घरेलू मैदान पर टूर्नामेंट जीतने वाली पहली टीम भी बन गई। अर्शदीप ने आईसीसी के मैच रैफरी के एलीट पैनल के एंडी पायक्रॉफ्ट के प्रस्तावित जुर्माने को स्वीकार कर लिया जिससे औपचारिक सुनाई की जरूरत नहीं पड़ी। यह आरोप मैदानी अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ और एलेक्स व्हार्फ, तीसरे अंपायर अल्लाहुद्दीन पालेकर और चौथे अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक ने लगाए थे।



## पश्चिम एशिया संकट के बीच निर्यातकों को बीमा समर्थन देने पर विचार: गोयल



**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि पश्चिम एशिया संकट के बीच निर्यातकों को मदद देने के लिए सरकार बीमा समर्थन की नई योजना लाने की संभावना तलाश रही है। गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि इस संबंध में निर्यात ऋण गारंटी देने वाली इकाई ईसीजीसी और अन्य विभागों के साथ परामर्श किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम निर्यातकों की मदद के लिए बीमा समर्थन जैसी कुछ नई योजनाएं विकसित करने पर भी विचार कर रहे हैं... इस बारे में ईसीजीसी और अन्य विभागों से चर्चा की जा रही है। उन्होंने कहा कि एक अंतर-मंत्रालयी समूह पश्चिम एशिया संकट से जुड़े घटनाक्रम पर नजर रखे हुए है और निर्यातकों के साथ लगातार संपर्क में है। गोयल ने कहा कि सरकार उन निर्यातकों की मदद के उपाय तलाश रही है जिनका माल भेजा जा चुका है लेकिन मौजूदा हालात के कारण उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार चौबीसों घंटे हालात पर नजर रखे हुए है। ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच लगातार जारी हमलों से पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ गया है, जिससे तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका है। यह संकट भारतीय निर्यातकों के लिए इस लिहाज से अहम है कि भारत के लिए पश्चिम एशिया प्रमुख निर्यात बाजारों में से एक है। इससे पहले गोयल ने 'आहार खाद्य एवं आतिथ्य मेला' को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के क्षेत्र में दुनिया के शीर्ष निर्यातकों में शामिल होने का लक्ष्य रखना चाहिए। भारत फिलहाल दुनिया का सातवां सबसे बड़ा निर्यातक है।

# कच्चे तेल के दाम में नरमी से शेयर बाजार में तेजी लौटी; सेंसेक्स 640 अंक चढ़ा

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को दो दिन से जारी भारी गिरावट पर अंकुश लगा और बीएसई सेंसेक्स 640 अंक के लाभ में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी में 233 अंक की तेजी रही। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के जल्द समाप्त होने के संकेत के बीच कच्चे तेल के दाम में नरमी और दुनिया के अन्य प्रमुख बाजारों में तेजी से घरेलू बाजार पर सकारात्मक असर हुआ। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 639.82 अंक यानी 0.82 प्रतिशत बढ़कर 78,205.98 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 960.09 अंक चढ़कर 78,526.25 अंक पर पहुंच गया था। वहीं पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 233.55 अंक यानी 0.97 प्रतिशत चढ़कर 24,261.60 अंक पर बंद हुआ। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 9.03 प्रतिशत टूटकर 90.26 डॉलर



प्रति बैरल पर आ गया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंटरग्लोब एविएशन, मारुति, आईसीआईसीआई बैंक, एशियन पेंट्स और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में इटर्नल, इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल शामिल हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयानों से युद्ध के समाप्त होने संकेत के बाद कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी गिरावट से वैश्विक बाजार की धारणा में सुधार आया। इससे दलाल स्ट्रीट में भी सकारात्मक रुझान देखने को मिला। व्यापक बाजारों ने मानक सूचकांकों से बेहतर प्रदर्शन किया और अधिकांश क्षेत्रों में सकारात्मक रुख रहा।'' छोटी कंपनियों से जुड़े बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट इंडेक्स में 1.91 प्रतिशत और मझोली कंपनियों के मिडकैप सेलेक्ट इंडेक्स में 1.71 प्रतिशत की तेजी आई। ऑनलाइन ट्रेडिंग कंपनी एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर ने कहा, ''पश्चिम एशिया में जारी तनाव कम होने के संकेतों के बाद बाजार में उछाल आया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान युद्ध के शीघ्र समाप्त होने के संकेत दिए हैं। इस घटनाक्रम ने दुनिया में बढ़ रहे तनाव को लेकर चिंताओं को कम किया और वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में भारी गिरावट लाकर जोखिम धारणा को स्थिर करने में मदद की।'' एशिया के अन्य बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की बढ़त में रहे। चीन के शंघाई एसएसई कम्पोजिट और हांगकांग के हैंग सेंग में भी मजबूती रही। यूरोप के बाजार भी दोपहर के कारोबार में बढ़त में थे।

## न्यूज अपडेट

### रुपया सर्वकालिक निचले स्तर से उबरा, 36 पैसे की बढ़त के साथ 91.85 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में मंगलवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया अपने रिकॉर्ड निचले स्तर से जोरदार वापसी करते हुए 36 पैसे की बढ़त के साथ 91.85 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कम होने की उम्मीदों के बीच वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी गिरावट से रुपये को मजबूती मिली। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजारों में बढ़त और कमजोर डॉलर ने भी भारतीय मुद्रा को मजबूती प्रदान की। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 91.92 पर खुला और 91.71 से 92.19 के दायरे में कारोबार करने के बाद 91.85 पर बंद हुआ।

### बैंक अब शेयरधारकों को शुद्ध लाभ का 75 प्रतिशत ही लाभांश देंगे, आरबीआई ने जारी किया निर्देश

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों के शेयरधारकों को दिए जाने वाले अधिकतम लाभांश को शुद्ध लाभ के 75 प्रतिशत तक सीमित कर दिया है। यह वित्त वर्ष 2026-27 से लागू होगा। केंद्रीय बैंक ने मंगलवार को संबंधित पक्षों से परामर्श के बाद भारतीय रिजर्व बैंक (वाणिज्यिक बैंक - लाभांश की घोषणा और लाभ प्रेषण पर विवेकपूर्ण मानदंड) निर्देश, 2026 जारी किए। इन मानदंडों के अनुसार, लाभांश भुगतान के बाद भी बैंक की पूंजी लागू विनियामक पूंजी आवश्यकता से कम नहीं होनी चाहिए। साथ ही, भारत में शाखा मोड में काम कर रहे किसी विदेशी बैंक का उस अवधि के लिए शुद्ध यानी कर पश्चात लाभ सकारात्मक होना चाहिए जिसके लिए लाभांश प्रधान कार्यालय को भेजा जाना है। निर्देशों में कहा गया, 'एक बैंक निर्धारित सीमा तक लाभांश घोषित और भुगतान कर सकता है... लेकिन कुल मिलाकर उस अवधि के शुद्ध लाभ के 75 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए जिसके लिए लाभांश प्रस्तावित किया जा रहा है।' ये निर्देश वित्त वर्ष 2026-27 से प्रभावी होंगे। आरबीआई ने लघु वित्त बैंकों, स्थानीय क्षेत्र बैंकों, भुगतान बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लिए लाभांश की घोषणा पर विवेकपूर्ण मानदंड भी जारी किए हैं।

### इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स ने दिया इस्तीफा

**नयी दिल्ली :** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने मंगलवार को इस्तीफा दे दिया। एक बयान में यह जानकारी दी गई है। उल्लेखनीय है कि इंडिगो पिछले तीन माह में अपने परिचालन में बड़े व्यवधान का सामना कर रही है। बयान में कहा गया है कि नए सीईओ की नियुक्ति तक एयरलाइन के प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया अंतरिम व्यवस्था के तहत इंडिगो के प्रबंधन का कामकाज देखेंगे। इंटरग्लोब एविएशन के चेयरमैन विक्रम सिंह मेहता ने कहा, राहुल एयरलाइन के प्रबंधन का कार्य संभालने लौट रहे हैं ताकि कंपनी की संस्कृति को मजबूत किया जा सके, संचालन की उत्कृष्टता को और बढ़ाया जा सके और ग्राहकों को बेहतर देखभाल, भरोसेमंद सेवा और पेशेवर अनुभव प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया जा सके। इंटरग्लोब एविएशन एयरलाइन का परिचालन इंडिगो ब्रांड नाम से करती है।

### बांग्लादेश को भारत से मिला 5,000 टन डीजल

**ढाका :** पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण ईंधन की किल्लत को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच, बांग्लादेश को भारत से डीजल मिलना शुरू हो गया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि शुरुआती तौर पर 5,000 टन डीजल बुधवार तक मिलने की उम्मीद है। बांग्लादेश पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (बीपीसी) के प्रवक्ता ने कहा, ''हमें सोमवार दोपहर से असम के नुमालीगढ़ रिफाइनरी लि. (एनआरएल) से बांग्लादेश-भारत मैत्री पाइपलाइन के माध्यम से (उत्तर-पश्चिमी) दिनाजपुर स्थित डिपो में डीजल मिलना शुरू हो गया है।' उन्होंने बताया कि 5,000 टन डीजल आने में लगभग 45 घंटे लग सकते हैं। यानी यह प्रक्रिया बुधवार शाम तक जारी रह सकती है। उन्होंने कहा, 'हम यहां प्रति घंटे पाइपलाइन के जरिये लगभग 113 टन प्राप्त कर रहे हैं।'

## चांदी में 10,975 रुपये का उछाल, सोना भी मजबूत

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को चांदी की कीमतों में 10,975 रुपये का उछाल आया और यह 2.79 लाख रुपये प्रति किलोग्राम की ऊंचाई पर पहुंच गई। वहीं, सोने की कीमत में 400 रुपये की बढ़ोतरी हुई। यह बढ़ोतरी मज़बूत वैश्विक रुझानों के चलते हुई, क्योंकि डॉलर की कमजोरी ने इस 'सुरक्षित निवेश' वाली परिसंपत्ति की मांग को बढ़ा दिया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, लगातार तीन दिन की गिरावट के बाद चांदी की कीमत में 10,975 रुपये, या 4.09 प्रतिशत का ज़बर्दस्त उछाल आया। सोमवार के बंद स्तर 2,68,300 रुपये प्रति किलोग्राम के मुकाबले मंगलवार को यह बढ़कर 2,79,275 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गई। सोने की कीमतों में भी बढ़ोतरी देखने को मिली। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत में 400 रुपये, या 0.24 प्रतिशत की



वृद्धि हुई और यह 1,64,700 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया। पिछले सत्र में, सोने की कीमत 1,64,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। लेमन मार्केट्स डेस्क के शोध विश्लेषक, गौरव गर्ग ने बताया कि मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतों में उल्लेखनीय तेज़ी देखने को मिली। इसकी मुख्य वजह भू-राजनीतिक घटनाक्रम रहे, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के संभावित समाधान की ओर इशारा किया है। इस संघर्ष के चलते निवेशक काफी समय से असमंजस की स्थिति में थे।

## भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों के लिए एफडीआई नियम हुए सरल

**नयी दिल्ली :** सरकार ने मंगलवार को चीन समेत भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले सभी देशों के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) नियमों को सरल बना दिया। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस संबंध में 2020 के प्रेस नोट-3 में संशोधन किया गया है। यह निर्णय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया। इस प्रेस नोट के तहत जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों के शेयरधारकों वाली विदेशी कंपनियों को भारत में किसी भी क्षेत्र में निवेश करने के लिए सरकार से अनिवार्य रूप से मंजूरी लेने की जरूरत है। भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देश चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान, भूटान, नेपाल, म्यांमा और अफगानिस्तान हैं। भारत में अप्रैल, 2000 से दिसंबर, 2025 तक आये कुल एफडीआई इक्विटी प्रवाह में चीन की हिस्सेदारी केवल 0.32 प्रतिशत (2.51 अरब अमेरिकी डॉलर) है और वह 23वें स्थान पर है। जून, 2020 में गलवान घाटी में हुई भीषण झड़प के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में खटास आ गयी थी। इसके बाद भारत ने टिक टॉक, वीचैट और अलीबाबा के यूसी ब्राउजर जैसे 200 से अधिक चीनी मोबाइल ऐप पर प्रतिबंध लगा दिया था। हालांकि, भारत को चीन से बहुत कम प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ है, फिर भी दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार में कई गुना वृद्धि हुई है। चीन, भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बनकर उभरा है। भारत का चीन को निर्यात 2024-25 में 14.5 प्रतिशत घटकर 14.25 अरब डॉलर रहा, जबकि 2023-24 में यह 16.66 अरब डॉलर था। हालांकि, आयात 2024-25 में 11.52 प्रतिशत बढ़कर 113.45 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 101.73 अरब डॉलर था।

## एल्बर्स के इस्तीफे के बाद इंडिगो की कमान संभालेंगे राहुल भाटिया



**नयी दिल्ली :** देश की सबसे बड़ी एयरलाइन कंपनी इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स के इस्तीफे के बाद एयरलाइन के सह-संस्थापक और प्रबंध निदेशक राहुल भाटिया ने मंगलवार को कर्मचारियों से कहा कि वह एयरलाइन के कामकाज को बड़ी जिम्मेदारी के साथ संभालेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले साल दिसंबर में जो हुआ, वह कभी नहीं होना चाहिए था। इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने मंगलवार को अचानक इस्तीफा दे दिया। वह तीन साल से अधिक समय से इस पद पर थे। कर्मचारियों को भेजे संदेश में भाटिया ने कहा, ''मैं इंडिगो के कामकाज को संभालने की अपनी विस्तारित भूमिका में गहरी जिम्मेदारी के साथ कदम रख रहा हूं। यह जिम्मेदारी केवल कंपनी के ग्राहकों और शेयरधारकों के प्रति ही नहीं, बल्कि हर उस कर्मचारी के प्रति भी है जो इस एयरलाइन को आगे बढ़ाता है। मैं हमेशा की तरह हमारी कार्य संस्कृति को मजबूत करने, परिचालन उत्कृष्टता को और बेहतर बनाने तथा ग्राहकों को उत्कृष्ट सेवा और बेहतर मूल्य देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हूं। भाटिया ने संदेश के अंत में 'राहुल यानी मैं हूं ना' लिखकर हस्ताक्षर किए।

वर्ष 10, पूर्णांक 3527 अंक 337 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in